चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 87, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 21 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**बुलडोजर पर 'सुप्रीम' रोक-जहांगीरपुर में सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर के 2 घंटे बाद पूरी तरह रोकी गई अवैध निर्माण ढहाने की कार्रवाई, आज होगी सुनवाई, एक्सपर्ट बोले- सुप्रीम कोर्ट सर्वोच्च, उसके ऑर्डर का सम्मान जरूरी, जहांगीरपुरी हिंसा मामले में आरोपी सलीम और अंसार की बढ़ी पुलिस कस्टडी, गुल्ली को भी नहीं मिली राहत**

## दंगाइयों को 'बुलडोजर' सबक





**नई दिल्लीः** जहांगीरपुरी में बुधवार को दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण गिराने की कार्रवाई शुरू की। एक घंटे के भीतर ही सुप्रीम कोर्ट ने इस ऑपरेशन पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है, जिसमें दंगे के आरोपियों के घर गिराने का विरोध किया गया है। अदालत ने कहा कि आज सुनवाई तक जहांगीरपुरी में यथास्थिति बरकरार रखी जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जहांगीरपुरी में एमसीडी की कार्रवाई कुछ जगहों पर जारी थी। जब याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट को इस बात की जानकारी दी तो सीजेआई एनवी रमना ने तुरंत रजिस्ट्रार को आदेश दिया कि एमसीडी , दिल्ली पुलिस और मेयर तक हमारा आदेश तुरंत पहुंचाया जाए। सुप्रीम कोर्ट के पहले ऑर्डर के करीब 2 घंटे बाद निगम की कार्रवाई पूरी तरह रोकी गई। जब ऑपरेशन बुलडोजर को लेकर दिल्ली के स्पेशल पुलिस कमिश्नर दीपेंद्र पाठक से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन फैसला लेगी। हम यहां पर एमसीडी को सुरक्षा और मदद पहुंचाने के लिए मौजूद हैं। वहीं, अब इस मामले पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। विपक्ष लगातार बीजेपी और केंद्र सरकार पर हमलावर है।

**पुलिस की ढिलाई बनी उपद्रव की वजहः जमात-ए-इस्लामी**

जमात-ए-इस्लामी हिंद के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जहांगीरपुरी हिंसा के बाद मुस्लिम समुदाय से मुलाकात की। खक्क्ष ने हिंसा के लिए दिल्ली पुलिस की ढ़िलाई को वजह बताया है। कहा कि यह एक पहले से रची गई साजिश थी।

हिंसा से पहले 2 बार जुलूस निकाला जा चुका था। फिर भी इफ्तार और नमाज के ठीक समय तीसरा जुलूस निकाला गया। पुलिस की अनुमति के बिना ये जुलूस निकाले गए। जुलूस में शामिल लोग भड़काऊ नारे लगा रहे थे। कुछ लोग



हथियारों का प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं दिल्ली पुलिस लापता थी, अगर पुलिस बल मौके पर मौजूद होता तो हिंसा नहीं होती।

### कोर्ट को 3 घंटे में 2 बार दखल देना पड़ा



**नई दिल्लीः जहांगीरपुरी** में अवैध कब्जा हटाने की एमसीडी की कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। एमसीडी की टीम बुधवार सुबह 10 बजे जहांगीरपुरी पहुंची और ऑपरेशन बुलडोजर शुरू किया। 10.45 बजे सुप्रीम कोर्ट ने इसे रोकने और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं रोकी गई। याचिकाकर्ता के ऐतराज पर सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा दखल दिया। एमसीडी और दिल्ली पुलिस तक तुरंत ऑर्डर पहुंचाने का आदेश दिया। 3 घंटे के पूरे एपिसोड में 2 बार दखल के बाद आखिरकार 12.45 बजे दिल्ली नगर निगम ने अपनी कार्रवाई रोक दी।

जहांगीरपुरी को लेकर नहीं दायर की गई थी याचिकाः विराग गुप्ता ने कहा- एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई। ये दिल्ली के जहांगीरपुरी को लेकर दायर भी नहीं की गई थी। यह एक सामान्य याचिका थी, जिसमें कहा गया था कि बुलडोजर कल्चर कानून के खिलाफ है। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि वो दोपहर बाद सुनवाई

### 'जानकारी के बाद सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर का सम्मान जरूरी'

**सीनियर** वकील कहते हैं, 'सुप्रीम कोर्ट के मामलों में परंपरागत रवैया जो रहा है, वो ये है कि ऑर्डर की सर्टिफाइड कॉपी मिलने पर एक्शन रोका जाता था। तब ये कहा जाता था कि आदेश का आधिकारिक दस्तावेज मिल गया है। इन चीजों को खत्म करने के लिए बाद में ऑनलाइन ऑर्डर को ही सर्टिफाइड ऑर्डर की मान्यता सुप्रीम कोर्ट ने दे दी। अब ज्यादातर मामलों में सर्टिफाइड कॉपी की डिमांड नहीं की जाती है।' उन्होंने आगे कहा, 'अब वकील उसी दिन हाथ से लिखे ऑर्डर मान लेते हैं और विपक्षी पार्टी को उसे दिखाते हैं। जहांगीरपुरी के मामले को देखा जाए तो सोशल मीडिया और मीडिया के युग में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की हर पल जानकारी दी जा रही है। आधिकारिक बयान भी आ रहे हैं यानी संबंधित लोगों को इसकी जानकारी हो गई है। अब जानकारी हो गई है तो प्रोटोकॉल के हिसाब से ये परंपरा है कि ऑर्डर भले बाद में आता रहे, पर उसका सम्मान जरूरी है।'

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर लगे 'लाउडस्पीकर' बंद

**मथुरा में मंदिर प्रबंधन की पहल, भजनों की आवाज हुई कम, शाही ईदगाह मस्जिद में लाउडस्पीकर पर अजान जारी**

**मथुराः** उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर लगे लाउडस्पीकर बंद कर दिए गए हैं। श्रीकृष्ण जन्म स्थान मंदिर प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। भागवत भवन की चोटी पर लगे स्पीकरों में भजन बजाए जाते थे। दूसरी ओर, शाही ईदगाह मस्जिद में अभी भी लाउडस्पीकर पर अजान जारी है। इंतजामिया कमेटी के सचिव का कहना है कि जब सरकारी आदेश आएगा, तब देखा जाएगा।

**यूपी सरकार का माइक-लाउडस्पीकर पर आदेशः** लाउडस्पीकर को लेकर चल रहे



विवाद के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी किया था। इसमें लाउडस्पीकर की आवाज धार्मिक परिसर में ही सीमित रखने के लिए कहा गया था। सरकार के इस आदेश के बाद मंदिर प्रबंधन ने बुधवार को मंदिर पर लगे लाउडस्पीकर बंद कर दिए।

**भागवत भवन के शिखर पर लगे हैं लाउडस्पीकरः** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर परिसर में स्थित भागवत भवन के शिखर पर लाउडस्पीकर लगे हैं। यहां हर दिन करीब एक से डेढ़ घंटे तक मंगलाचरण और विष्णु सहस्त्रनाम बजाए जाते थे। इससे ही दिन की शुरूआत होती थी। बुधवार को लाउडस्पीकर पर यह मंगलध्वनि नहीं सुनाई दी।

**मंदिर प्रबंधन ने की पुष्टिः** श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर लाउडस्पीकर बंद किए जाने की पुष्टि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने की।

## दिल्ली में मास्क नहीं लगाने पर फिर लगेगा जुर्माना



**नई दिल्लीः** राजधानी दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मरीजों ने सरकार और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच बुधवार को दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (डीडीएमए) की महत्वपूर्ण बैठक में इस स्थिति पर अहम फैसला लिया गया। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में अब सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने पर फिर 500 रुपये का जुर्माना लगेगा। फिलहाल स्कूल अभी बंद नहीं होंगे। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में मास्क लगाना अनिवार्य होगा। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर मास्क नहीं लगाने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने का फैसला किया गया है। इसके अलावा टेस्टिंग में तेजी लाई जाएगी। जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई है, उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विशेषज्ञों से बात कर स्कूलों के लिए नई एसओपी जारी की जाएगी।

बैठक में कहा गया कि स्थिति से घबराने की नहीं, सावधानी बरतने की जरूरत है।

### रूस ने यूक्रेन को दिया हथियार डालने का मौका



**मॉस्को/वाशिंगटन/कीवः** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को 56 दिन हो गए हैं। दोनों देश एक दूसरे को लगातार चुनौती दे रहे हैं। लगातार आक्रामक हो रहे रूस ने यूक्रेन को हथियार डालने का एक मौका देते हुए आगे की कार्रवाई रोकने का भरोसा भी दिया है। हालांकि अमेरिका ने यूक्रेन को और अधिक हथियार व सैन्य सहायता देने की बात कही है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में रूसी सेना लगातार आक्रामक व हमलावर हो रही है। यूक्रेनी सेना को अमेरिका व अन्य कई देश मदद कर रहे हैं।

माना जा रहा है कि अमेरिका इस युद्ध को रोकने की ऊपरी कोशिश तो कर रहा है किन्तु रूस के न रुकने के कारण यूक्रेन के साथ भी खड़ा है। अब अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन को एक और सैन्य सहायता पैकेज उपलब्ध कराने की बात कही है। इसमें तमाम आधुनिक हथियार भी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि अमेरिका ऐसा दुनिया में रूस के वर्चस्व को कम करने के लिए कर रहा है। उधर, रूस ने यूक्रेनी सैनिकों को हथियार डालने का मौका देने की बात कही है।

## विदेशों में इलेक्ट्रिव लोकोमोटिव की मांग को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाएगा दाहोदः मोदी

**दाहोद/नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के दाहोद में आदिजाति सम्मेलन के दौरान लगभग 22 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुजरात का दाहोद अब मेक इन इंडिया का बहुत बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की विदेशों में भी मांग बढ़ रही है और इसे पूरा करने में दाहोद बड़ी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने




आदिजाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया के उन चुनिंदा देशों में है जो नौ हजार हॉर्स पावर के शक्तिशाली लोको बनाता है। आज भारतीय रेल आधुनिक हो रही है।

## कुमार विश्वास, अलका के घर पहुची पंजाब पुलिस

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी के खिलाफ टिप्पणियों के मामले में पंजाब पुलिस मशहूर कवि कुमार विश्वास के घर पहुंची। विश्वास ने खुद उनके गाजियाबाद स्थित घर पहुंची पुलिस की तस्वीरें पोस्ट की हैं। उनके खिलाफ थाना सदर रोपड़ में केस दर्ज किया गया है। पुलिस की एक टीम उन्हें नोटिस तामील करने पहुंची और उन्हें 26 अप्रैल को रोपड़ थाने में पेश होने को कहा गया है। रोपड़ के एसपी (डी) हरबीर अटवाल ने इसकी पुष्टि की। पुलिस ने विश्वास को कहा कि उन्होंने केजरीवाल पर खालिस्तान समर्थक होने के आरोप लगाए थे, उसके संबंध में सबूत पंजाब पुलिस



को देकर जांच में सहयोग करें। इसी केस में अलका लांबा को भी नोटिस जारी कर पेश होने को कहा गया है। खास बात यह है कि पुलिस ने इस मामले में शिकायतकर्ता का नाम छुपा रखा है।

**कुमार पर इन धाराओं में केस दर्ज, अलका लांबा का भी नाम शामिलः** कुमार विश्वास के खिलाफ पंजाब के रोपड़ जिले के थाना सदर में केस दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ क्ढढ की धारा 153, 153अ, 505, 505(2),116 १/६, 143, 147, 323, 341, 506 और 120बी और 125 रिप्रिजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। रोपड़ सदर थाने के इंस्पेक्टर सुमित मोर की अगुआई में पंजाब पुलिस ने कुमार के मैनेजर को नोटिस रिसीव करवाया है।

इसी एफआईर में कांग्रेस नेता अलका लांबा को भी शामिल किया गया है। लांबा पर भी यही आरोप है कि उन्होंने अलग-अलग चैनलों में इंटरव्यू देकर केजरीवाल के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए। आप पर अलगाववादी तत्वों के साथ संबंध के आरोप लगाए।

## पीके कांग्रेस में होंगे शामिल, सोनिया लेंगी फैसला

**सोनिया ने कन्फर्म की पीके की पार्टी में एंट्री, मिल सकता है रणनीति और गठबंधन का जिम्मा**

**नई दिल्लीः** 6 महीने तक चले बैठकों और मुलाकातों के दौर के बाद कांग्रेस में प्रशांत किशोर की एंट्री तय हो गई है। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से कह दिया है कि प्रशांत किशोर पार्टी में शामिल होंगे और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने का काम करेंगे। इससे पहले छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने सोनिया गांधी से पीके के मसले पर बात की। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी कहा है कि प्रशांत



किशोर जैसे स्ट्रैटजिस्ट का अनुभव कांग्रेस के लिए फायदेमंद होगा।

**पीके का पावर मेकिंग प्रजेंटेशनः** इधर प्रशांत किशोर ने कांग्रेस नेताओं को 52 स्लाइड का प्रेजेंटेशन दिया। जिसमें 18 स्लाइड कांग्रेस की कम्युनिकेशन स्ट्रेटजी से जुड़ी थीं। 10 स्लाइड में ये बताया कि किन राज्यों से पार्टी की सीटें बढ़ सकती हैं। 4 स्लाइडों में यह भी बताया कि किन राज्यों में पार्टी को तुरंत मजबूत करने की जरूरत है। 5 स्लाइड्स ऐसी भी थीं जहां 4झ5 राज्यों में गठबंधन बनाने की बात की गई। आखिरी कुछ स्लाइड्स पार्टी की इमेज बिल्डिंग से जुड़ी हुई थीं।

**पीके बन सकते हैं पार्टी महासचिवः** सूत्रों के मुताबिक, पीके को पार्टी महासचिव का रोल दिया जा सकता है। वे स्ट्रैटजी और अलायंस पर काम करेंगे। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस में पहली बार इस तरह के पद बनाए जाएंगे। यानी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए प्रशांत कांग्रेस की चुनावी रणनीति और दूसरी पार्टियों के साथ गठबंधन पर फैसला करेंगे। पिछले 22 से अधिक विधानसभा और 2 लोकसभा चुनाव हार चुकी कांग्रेस के लिए ढङ कितने फायदेमंद होंगे?

## टूट सकता है गर्मी का 120 सालों का रिकॉर्ड

**यूपी-राजस्थान समेत 8 राज्यों में टेम्परेचर 3 से 5 डिग्री बढ़ने की आशंका**

**नई दिल्लीः** अप्रैल महीने का आखिरी पश्चिमी विक्षोभ कश्मीर में दस्तक दे चुका है। इसकी वजह से अगले 2 दिन तक पहाड़ों से मैदान तक तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट आएगी, लेकिन 22 अप्रैल से राहत का यह दौर खत्म हो जाएगा। फिर तापमान बढ़ना शुरू होगा। वहीं, अप्रैल महीने के आखिरी 4-5 दिन में लू चलने लगेगी।

**अप्रैल में टूट सकता है रिकॉर्डः** मौसम विज्ञानियों का मानना है कि इस बार अप्रैल महीने में गर्मी के




सभी रिकॉर्ड टूट सकते हैं। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के प्रमुख वैज्ञानिक जीपी शर्मा का कहना है कि 1 से 19 अप्रैल तक दिल्ली के बस स्टेशन सफदरजंग का अधिकतम तापमान सामान्य (36.6 डिग्री सेल्सियस) से अधिक बना रहा।

# ढोल नगाड़ा के साथ घोड़े पर सवार छात्रों ने निकाली रैली

## विधायक गुरु प्रसाद मौर्या ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली को किया रवाना, सेवानिवृत्त शिक्षक, मेधावी छात्र व उत्कृष्ट शिक्षकों को विधायक ने किया सम्मानित


कौड़िहार बीआरसी से हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना करते विधायक गुरु प्रसाद मौर्य।


कौड़िहार में घोड़े पर सवार होकर रैली निकालते छात्र।


कौड़िहार में मेधावी छात्र को सम्मानित करते फाफामऊ विधायक।

**अखंड भारत संदेश**

**श्रृंगवेरपुर।** स्कूलों में नामांकन कराने के लिए स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। लोगों को जागरूक करने के लिए ढोल नगाड़ा के साथ घोड़े पर सवार होकर छात्रों ने रैली निकाली। स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ जहां फाफामऊ विधायक ने किया वहीं कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। रैली में कई विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कौड़िहार बीआरसी में आयोजित कार्यक्रम में फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कौड़िहार खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष राधे कृष्ण, मंत्री बालेंद्र पांडे आदि ने विधायक को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक स्कूलों का लगातार कायाकल्प हो रहा है। योजनाएं अभी भी चल रही हैं। शिक्षक कंधे से कंधा मिलाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों को कलम पकड़ना सिखा रहे हैं। यही बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। तत्पश्चात गुरु प्रसाद मौर्य ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में मेधावी छात्र एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। खंड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य सिर्फ नामांकन है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। नामांकन और बाल गणना जैसे अलग-अलग मुद्दों पर एआरपी प्रभा शंकर शर्मा, मल अमीन अंसारी और सौरभ श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ श्रीवास्तव और विनीत सिंह यादव ने किया। जबकि आभार रामलाल प्रजापति ने व्यक्त किया। इसके तुरंत बाद फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य और खंड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली का आगाज किया। रैली में कई विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के साथ शिक्षक एवं शिक्षिका शामिल हुई। पूरे उत्साह और जोश के साथ घोड़े पर सवार होकर छात्रों ने भ्रमण किया। इस दौरान ढोल ताशा और नगाड़े की भी लगातार गूंज रही। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शुक्ला, विष्णु मिश्रा, राम लखन मौर्य तमाम शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# स्वास्थ्य मेला कोरांव : आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम

## मेले में सैकड़ों ने उठाया स्वास्थ्य आदि संबंधित लाभ, भाजपा सरकार ने ही जन हितार्थ कार्य किए : राजमणि कोल

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** सरकार की मंसानुसार आजादी के अमृत महोत्सव मनाए जाने के क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से आयोजित सीएचसी कोरांव में बीस अप्रैल को विशाल कैंप लगा,जिसमें स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं,योग और ध्यान,निःशुल्क जांच,निःशुल्क दवा वितरण, टेली कोंसल्टेशन,मुख रोग,मोतिया बिंद,मधुमेह, रक्त चाप,स्वास्थ्य आइडी,आयुष्मान भारत कार्ड,आदि सुविधा सेवाएं प्रदान की गई। जिसमे समस्त विभाग के अधिकारियों ने अपने अपने विभाग के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उक्त मेले में स्वास्थ्य विभाग कोरांव प्रयागराज द्वारा मुख्य अतिथि विधायक कोराव राज मणि कोल तथा अतिथियों का तिलक लगा कर एवम बुके देकर माल्यार्पण के साथ खैरमकदम किया गया। श्री राजमणि कोल विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के उक्त सराहनीय आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही ऐसी पार्टी है जो जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्याम से अंतिम पायदान तक लाभार्थियों को लाभान्वित करा रही है। विधायक ने कहा कि मेले के आयोजन से जनता को लाभ मिल रहा है,लोग इसका फायदा उठाएं। उन्होंने कहा की बीस बेड का और वार्ड बनाया जा रहा है। जिससे लोगों को सहूलियतें मिलेंगी। विधायक ने अधीक्षक सीएचसी कोरांव डा के बी सिंह कुशवाहा की मांग पर अस्पताल के बगल जनहित में एक समुदाइक शोंचालय बनवाने की मांग पर ब्लॉक प्रमुख कोराव और बीडीओ कोरांव से निर्माण कार्य हेतु कहा। साथ ही नाली निर्माण तथा अन्य समस्याओं को दूर कराने की बात कही। उन्होंने कहा जून माह में जैसे ही निधि में धन आयेगा वैसे ही यहां की व्यवस्था दूर करूंगा। विधायक ने रैन बसेरा की स्थापना कराए जाने की घोषणा की। विधायक ने सभी अधिकारियों को जन समस्या से जुड़ी योजनाओं और समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया। सभी आशा बहुओं,आंगनबाड़ी कार्यकताओं, एएनएम, स्टाफ नर्स चिकित्सकों की होशलाफजाई की। इलाके के वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित भी किया। साथ ही कोराव सीएचसी पर ही अल्ट्रा साउंड, जांच, ऑपरेशन आदि सुविधाओं के लिए प्रयास रत रहने की बात कही।इसके पूर्व सभी स्टालों का विधायक ने जायजा लिया। उक्त अवसर पर एसडीएम कोरांव अभिनव कनोजिया, खंड विकास अधिकारी कोराव मुकेश कुमार सिंह, डिप्टी सीएमओ डा. डी एन गुप्ता, डा जे के सोनकर डिप्टी सीएमओ, बनुआन दुवेदी भाजपा नेता, प्रधान सगठन के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी, ओंकार केशरी जिला पंचायत सदस्य,अव्यक्त राम मिश्रा पूर्व ब्लॉक प्रमुख,भोला सिंह पटेल उर्फ मुन्ना, संतरा देवी महिला नेता रामकृष्ण केसरी, सूर्यमणि कुशवाहा सोशल वर्कर कोराव आदि ने भी विचार व्यक्त किए। साथ ही पंजीकृत संख्या के आधार पर ही पोषाहार गर्भवती महिलाओं और बच्चों को गांवों में प्रदान किए जाने की व्यवस्था की मांग रखी।


स्वास्थ्य मेला कोरांव में कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक कोरांव

### बोले खंड विकास अधिकारी

पूरे कोरांव ब्लॉक में 6500 आवास आया है जो की एक रिकोर्ड है। यह सब विधायक जी की ही देन है। आगे भी सर्वे कराकर पात्रों को लाभान्वित किया जाएगा। ग्राम सभाओं में भूमि समतली करण नाली चकमांर्ग जल संरक्षण आदि योजनाओं पर विशेष कार्य की पहल जारी है। जिससे श्रमिकों और ग्राम पंचायतों का समग्र विकास हो। पंचायत प्रतिनिधियों से आयुष्मान कार्ड पात्रों का ज्यादा से ज्यादा बनवाने की अपील भी करता हूं।

## विजली विभाग की अंधा धुंध कटौती से ग्रामीण परेशान

**लालापुर।** क्षेत्र के लालापुर उपकेंद्र से होने वाली वाली विद्युत सप्लाई व्यवस्था बेहद खराब हो गयी है।दिन हो य रात अघोषित कटौती से जनता परेशान हो गयी है।शिकायत के बाद भी अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। लालापुर क्षेत्र बुंदेलखंड से सटा होने एवं पहाड़ी होने के कारण गर्मी के दिनों में ज्यादा गर्म व ठंडी में ज्यादा ठंड रहती है।अप्रैल माह में ही पारा अधिक होने के कारण गर्मी ज्यादा बढ़ गयी है।गर्मी व लू से बचने के लिए लोग घर में रहना पड़ता परंतु लालापुर उपकेंद्र से होने वाली बिजली सप्लाई ने सभी को त्रस्त कर के रख दिया है।दिन हो य रात अघोषित कटौती की जा रही है।उपभोक्ताओं को दिन रात मिलाकर आठ से दस घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है।लालापुर के मझीयारी से अंकुश पाण्डेय ,भटपुरा से प्रदीप मिश्र,डेराबारी के अमर सिंह,अजय सिंह,सेमरी के राजू डाक्टर,नौढ़िया तरहार के सूरज शुक्ल,राहुल शुक्ला,महेरा के अनुराग मिश्र,गोझवार के राहुल सिंह,अरुण सिंह,कृष्णराज सिंह,पचवर के मो इरफान,बेलामुंडी के भूपेन्द्र मिश्र,मानपुर के महराज सिंह,इशु सिंह,बसहरा के बलबीर सिंह,भूषण सिंह ने बताया की विद्युत कटौती की समस्या की शिकायत कई बार अधिकारियों से किया गया परंतु समस्या और गहरा गयी है अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण मुख्यमंत्री से मिलकर इसकी शिकायत करगें।

# ढोकरी गांव में दादी व पोते की मौत की घटना में पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार

**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के ढोकरी गांव में मंगलवार को दादी व पोते के शव के साथ मिले सुसाइड नोट व मृतक के मामा नंदलाल मौर्य की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर फूलपुर पुलिस ने बुधवार को मृतक की पत्नी सुनीता मौर्य सास धुरपत्ती देवी के साथ ही ससुर नन्हे लाल मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नौ पन्ने के मिले सुसाइड नोट में मृतक अरविंद मौर्य ने पत्नी के साथ ही ससुराल पक्ष के अन्य लोगों को अज्ञात में आरोपी बनाया था।

**दिल का दौरा पड़ने से हुई थी वृद्ध ललिता देवी की मौत :** मृतक अरविंद मौर्य ने सुसाइड नोट में पत?नी को जिम?मेदार ठहराते हुए खुद फांसी पर लटक गया तो उसे देखकर 78 साल की उसकी दादी ललिता देवी ने भी दम तोड़ दिया। पोस?टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक ललिता देवी की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। पुलिस अरविंद की आत?महत?या की जांच में जुटी है। ग्रामीणों ने बताया कि 78 साल की ललिता देवी इसके पहले अपने पति के अलावा बेटे और बहू को भी खो चुकी थी। उम्र के आखिरी पड़ाव में इकलौता पौत्र अरविंद ही उनके जीने का सहारा था। वह भी उनकी आंखों के सामने ही मौत को गले लगा लिया था। जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर पाई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अरविंद के मां-बाप और भाई-बहन की मौत भी रहस?यमय परिस्थितियों में ही हुई थी।

**ठीक नहीं थी अरविंद की मानसिक हालत :** ग्रामीणों के अनुसार अरविंद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। गांव में वह अजीब अजीब सी हरकतें करता था। पुलिस की पूछताछ में भी ग्रामीणों ने बताया कि अरविंद गांव में कभी माइक लेकर एनाउंस करता था तो कभी हास्यप्रद गतिविधियों में मशगूल रहता था।

## भाजपा नेता के घर हुई 10 लाख की चोरी का नहीं हो सका खुलासा

**करछना।** एस एस पी प्रयागराज बुधवार को दोपहर,करछना थाने पहुच कर निरीक्षण किया और नाराजगी जाहिर करते हुए क्षेत्र के खाई गांव में बीते शनिवार की रात उक्त गांव निवासी भाजपा के यमुनापार जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारतीय के घर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक खुलासा नहीं हो सका। जिसको लेकर थाना प्रभारी करछना टीकाराम समेत सभी स्टाप को कडा निर्देश दिया, बता दें कि शनिवार को नैनी क्षेत्र के चाका में परिवार के साथ रह रहे छोटा भाई अमरनाथ भारतीय के यहां एक कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें शामिल होने के लिए बुजुर्ग पिता भगवत प्रसाद व छोटा भाई बलवंत नारायण भारतीय को छोड़कर घर के सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। देर रात होने पर खाना-पीना करने के बाद दोनों लोग सो गए। उसी दरमियान घात लगाए पहले से बैठे चोरों ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर कमरे से दो बक्सा अपने साथ उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर सीओ करछना राजेश कुमार यादव, फॉरेंसिक व क्राइम ब्रांच की टीम सहित करछना थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया। मामले में कुछ लोगों को पुलिस ने उठाकर पूछता कर रही है। लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। थाना प्रभारी करछना टीकाराम वर्मा का कहना है कि मामले में जांच पड़ताल चल रही है।

# इफको मजदूरों ने मनाया डॉ अम्बेडकर जयंती रिटायर्ड कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से कोविड 19 दिशा निर्देश का पालन करते हुए सी आई एस एफ कालोनी, इफको फूलपुर में इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ संबद्ध ऐक्टू द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की 131वी जयंती और रिटायर्ड कर्मचारियों का सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यापर्ण औ? वरिष्ठ ठेका मजदूर द्वारिका प्रसाद द्वारा रिटायर्ड कर्मचारी सालिकराम व इंद्रावती को सम्मान पत्र, टार्च, शाल, और छाता देकर सम्मानित किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को सम्बोधित करते हुए *ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी ने कहा* कि आज वर्तमान सरकार डॉ भीमराव अम्बेडकर ने जो श्रमिकों हितकारी कानून बनाए थे, उसे 4 श्रमिक कोड बनाकर खत्म कर रही है, डॉ भीमराव अंबेडकर ने 1944 में मजदूरों की कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा था कि मजदूरों को अपनी मुक्ति के लिए अनिवार्य रूप से रूसो के ह्लसोशल कॉन्ट्रैक्ट, मार्क्स के कम्युनिस्ट मैनीफेस्टो, पोप लियो तेरहवें के एनसाईक्लिकल ऑन द कंडीशनस ऑफ लेबरह्व और जॉन स्टुअर्ट मिल के ह्लिबर्टीह्व को पढ़ना चाहिए, मनमाड़ में रेलवे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि मजदूरों का शोषण पूंजीवाद और ब्राह्मणवाद दोनों करते हैं, वर्णव्यवस्था न केवल श्रम का बंटवारा करती है बल्कि श्रमिको का भी बटवारा करती है। आगे वक्ताओं ने कहा कि आज रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल, खाद्य सामग्री के दाम आसमान छू रहे है, सरकार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, पढ़ाई दवाई से जैसे जरूरी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू मुस्लिम के नाम पर दंगा भड़काने काम कर रही है, कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉम जय प्रकाश- अध्यक्ष -इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ व संचालन कॉम त्रिलोकी नाथ- मंत्री इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ ने किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ उपाध्यक्ष- त्रिभुवन नाथ, कोषाध्यक्ष- फूलचंद प्रजापति, प्रचार मंत्री- जगदीश कुमार, कार्यालय मंत्री- राजनाथ सेकेंड, संगठन मंत्री- अमर सिंह, रामचंद्र गौतम, नान्हू दास, राजेश पटेल, देवानंद इत्यादि लोग उपस्थित रहे।




## न्यूज झरोखा

### एसएसपी.नें करछना थाने का औचक किया निरीक्षण

#### खामियां मिलने पर दो दरोगा समेत 10 पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर



**करछना।** प्रयागराज` क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को देखते हुए प्रयागराज एसएसपी का औचक निरीक्षण निरंतर जारी है , इसी दौरान बुधवार को प्रयागराज एसएसपी करछना थाने का औचक निरीक्षण किया , जिस दौरान महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली से नाखुश होकर एवं थाने की गतिविधियों को संगीन पाया तथा थाने स्तर पर बनने वाले रोजाना कागजी कार्यवाही मैं भी कई खामियां मिली` जिस बात से नाखुश होकर प्रयागराज एसएसपी ने दो दरोगा समय 10 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए लाइन हाजिर कर दिया। ` लाइन हाजिर किए गए पुलिसकर्मियों में से उपनिरीक्षक जन्मेजय कुमार , उप निरीक्षक दर्शन लाल शर्मा , मुख्य आरक्षी मुंशी लाल यादव , आरक्षी अनुज कुमार यादव , आरक्षी सनी कुमार , आरक्षी उपेंद्र यादव , आरक्षी नीरज कुमार , आरक्षी आनंद सिंह एवम् महिला आरक्षी डिंपल यादव तथा महिला आरक्षी वनीता निषाद को एसएसपी के आदेश के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### खबर का असर : नहर में पानी देख बारा क्षेत्र के किसानों ने ली राहत की सांस



बारा। बारा तहसील के अंतर्गत स्थित पंडूवा पंप कैनाल मैं पानी छोड़े जाने से बारा छेत्र के कई गांव के किसानों ने ली राहत की सांस नहर से लाभान्वित होने वाले गांवों में बवांधर कोरारी टिकारी आसमा रीगवा गजा पुर हरदी मदर रहा तातार गंज उमापुर घुर्मी असरवाई चामू बै जला आदि गावों में नहर में पानी पहुंचने से किसानों के चेहरे पर दिखी मुस्कान गर्मी के समय में होने वाली खेती जैसे हल्दी प्याज पालक भिंडी लोऊकी नेनुआ करेला आदि की खेती करने वाले किसान गुरुचरण बिंद फूलचंद बिंद बिंद अशोक कुशवाहा राधेश्याम बिंद शिव मूरत बिंद आदि किसानों ने बताया कि नहर में पानी आ जाने से हम लोगों को बहुत सहायता मिलेगी किसानों ने बताया कि तपतेमौसम के कारण सब्जियों के लिए पानी की जल्दी-जल्दी जरूरत पड़ती है कुछ किसानों की सिंचाई केवल नहर के पानी से ही संभव होती है किसानों ने बताया कि इस समय बिजली की अघोषित कटौती कि मार क्षेत्र जेल रहा है जिसके कारण खेती भी बाधित हो रही है नहर में पानी आ जाने से कुछ मुसीबतें कम हो जाएंगी और गोवंश को भी पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा गांव के आसपास के तालाबों और पोखरा में में पानी भरवाया जाएगा।

### एंबुलेंस से ले जाते समय हुआ प्रसव जच्चा बच्चा स्वस्थ



**लालापुर।** लालापुर स्थित पीएचसी में तैनात 108 एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ के चलते बीच रास्ते में ही प्रसूता का प्रसव कराया गया । प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूर्णतया स्वस्थ हैं लालापुर थाना क्षेत्र के नोडिहा तरहार गांव निवासी ज्ञानेंद्र सरोज की पत्नी प्रियंका देवी प्रसूता थी ।बुधवार के दिन प्रियंका देवी को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजनों ने लालापुर स्थित पीएचसी में तैनात 108 एम्बुलेंस को सूचना दी । सूचना मिलते ही एम्बुलेंस के ईएमटी जगदीश प्रसाद व पायलट सुदीप कुमार एंबुलेंस लेकर शाम 03:25 पर पीड़िता के घर पहुंचे और उसे लादकर पर सीएचसी शंकरगढ़ के लिए निकले ।लेकिन शंकरगढ़ सीएसी लेजाते समय रास्ते में ही प्रसूता को असहनीय पीड़ा हुई तो शिवकुमारी इंटर कालेज पर रोककर प्रसव कराया गया । बाद में स्वस्थ दोनों जच्चा बच्चा को सीएचसी शंकरगढ़ में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों पूर्णतया स्वस्थ बताए गए हैं। एंबुलेंस के कर्मियों की सूझबूझ की चर्चा इन दिनों क्षेत्र में की जा रही है ।

### संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में लगी आग



**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नेचुना गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में लगी आग आग लगने के कारण 3 बीघे के आसपास जली गेहूं की फसल ग्रामीणों ने आग बुझाने का किया प्रयास लेकिन जब वह कामयाब नहीं हो सके तो उन्होंने फायर ब्रिगेड को की सूचना सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के द्वारा जहां आग बुझाने का प्रयास तेजी से किया गया वहीं जल्द ही आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक गांव के ही मनोज मिश्रा का लगभग 3 बीघा गेहूं जलकर राख हो चुका था वही अगर देखा जाए तो संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने के कारण जहां कई आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन उसके बावजूद भी गर्मियों के मौसम में आगजनी की घटनाओं में कमी होने का नाम नहीं ले रही है।

### किशोरी के साथ की गई अश्लली हरकतें चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** खेत पर शौच के लिए गयी किशोरी के साथ युवकों द्वारा छेडखानी और अश्लील हरकतें की गई। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी लडकी खेत पर शौच के लिए गयी थी। जहां गांव के कतिपय युवक छेडखानी और अश्लील हरकतें करने लगे।विरोध एंव शोर मचाने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दिए। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में पारसनाथ ,सचिन कुमार ,अशोक कुमार, रवि के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

# आये दिन खाताधारकों से लिंक ब्रांच संचालक करते हैं धोखाधड़ी

## उपभोक्ता परेशान, खाताधारक ने कोरांव पुलिस को दी तहरीर

## धाव के बजाय कोरांव में संचालित हो रही बैंक

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योंरा।** भले ही सरकार के द्वारा खाता उपभोक्ताओं को सुविधा के लिए बैको को लिंकब्रांच खोलने का आदेश जारी किया गया है और बैंकों के द्वारा लिंकब्रांच खुलवाया भी गया है। किंतु लिंकब्रांच के संचालक के द्वारा आये दिन गरीब उपभोक्ताओं के खाते से धांधली करने का आरोप लगता रहता है जिम्मेदार उदासीन बना हुआ है।ऐसा मामला भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोरांव के लिंक ब्रांच शाखा धाव जो नगर पंचायत कोरांव में ही संचालित हो रही है। एक खाता धारक के साथ धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। खाताधारक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक सविता पत्नी सुरेंद्र कुमार निवासी कोसफरा कला थाना कोरांव भारतीय स्टेट बैंक लिंक ब्रांच धाव जो कोरांव में संचालित हो रही है की खाताधारक है। मंगलवार 19 अप्रैल को सुरेंद्र अपनी पत्नी सविता को साथ लेकर एसबीआई बैंक लिंक ब्रांच की शाखा पहुंचे जहां किसी आवश्यक कार्य बस पत्नी के खाते से बीस हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कराया। तत्पश्चात पुनः आधार से दस हजार रुपए निकलवा कर कैस प्राप्त कर लिया। जिसके बाद खाते में शेष बैलेंस की जानकारी पूछने पर जब बैलेंस कम बताया गया तो खाताधारक के होश उड़ गए। जब खाते का स्टेटमेंट ब्यौरा बैंक से निकलवाया तो पचास हजार खाते से निकाल लिए जाने की बात की पुष्टि हुई। इसी प्रकार एक अन्य महिला के खाते से भी नौ हजार रुपए निकाल लिए गए थे उक्त महिला ने भी कोरांव पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भारतीय स्टेट बैंक लिंक शाखा धाव के नाम से कोरांव में खुला है। जिम्मेदार की मनमानी की वजह से आए दिन धोखाधड़ी व धांधली तथा पैसे निकाल लिए जाने के आरोप लग रहे हैं। विभागीय जिम्मेदार मौन बने हुए हैं। जिससे आए दिन बैंक उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी कर उपभोक्ताओं के पैसे में हेराफेरी कर ली जा रही है। इसीप्रकार कोरांव क्षेत्र के रत्योंरा मोड़ पर खुले लिंकब्रांचों के द्वारा गरीबो के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगता आ रहा है किंतु जिम्मेदार उदासीन बना हुआ है। अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई न होने से मिनी बैंक संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोरांव की मिनी ब्रांच जो कोरांव में संचालित हो रही है। उस लिंक ब्रांच को विकासखंड कोरांव के धाव गांव के नाम से आवंटित है, किंतु बैंक संचालक विनय जायसवाल मनमाने तरीके से कोरांव में ही संचालित कर रहे हैं। इतना ही नहीं आए दिन खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। गरीब अनपढ़ खाताधारकों के साथ आए दिन धोखाधड़ी के कार्य किए जा रहे हैं। उनके खाते में रखे गए पैसे मनमाने तरीके से हेराफेरी कर ली जा रही है। कई बार शिकायत के बाद भी मिनी ब्रांच संचालक के ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। मनमाने तरीके से धाव के बजाय कोरांव में ही अपनी ब्रांच का संचालन कर रहे हैं। न तो विभागीय अधिकारी और न ही प्रशासनिक अधिकारी मामले में कोई ठोस कदम उठा रहे हैं। जिससे आए दिन उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी का कार्य जारी है। काफी समय से लिंक ब्रांच में चल रही इस प्रकार की धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक के बैंक उपभोक्ताओं का बैंक से विश्वास उठता जा रहा है। अगर देखा जाए तो इस समय भारतीय स्टेट बैंक में ग्राहकों की संख्या भी दिन पर दिन कम होती जा रही है। खाताधारक ने धोखाधड़ी कर पैसे में हेराफेरी करने वाले संचालक पर कार्रवाई की मांग की है।

# भागवत महापुराण भक्ति मुक्ति दोनों प्रदान करता है

## कोलसरा लेडियारी में पं निर्मल कुमार शुक्ल द्वारा भव्य भागवत कथा का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**पसना।** श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन में दैवीय गुणों का विकास करती है।इस संसार में अनंत सुख ऐश्वर्य यश और परलोक में साक्षात परमात्मा का मिलन करा देती है यह कथा। भगवान कृष्ण का इस ग्रंथ में निवास होता है।इस ग्रंथ का एक एक शब्द वैदिक सिद्धांत से जुड़ा हुआ है। मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने ग्राम कोलसरा लेंडियारी में पं द्वारिकाधीश दूबे के आवास पर भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किया। श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर करते हुए आपने कहा कि राजा परीक्षित को जब श्रृंगी ऋषि ने 7 दिन बाद मृत्यु का शाप दे दिया तो उन्होंने सारे संत महात्माओं से 7 दिन में मुक्ति का आग्रह किया किन्तु सब ने असमर्थता व्यक्त कर दिया।अंत में राजा ने गंगा जी का आश्रय लिया। परीक्षित को विश्वास था कि जिन गंगा जी ने राजा सगर के 60,000 पुत्रों का उद्धार कर दिया वो मेरा भी कल्याण अवश्य करेंगी। किंतु गंगा ने कहा कि राजा तुम्हारा अपराध इतना प्रवल है कि मैं तुम्हारा कल्याण नहीं कर सकती हूं तुम्हारे लिए दूसरी गंगा प्रकट करनी पड़ेगी।गंगा जी ने कहा मैं भगवान के चरणों से मेरा उद्गम हुआ है अतः चरण गंगा से नहीं तुम्हारा कल्याण भगवान की आचरण गंगा से होगा और भागवत महापुराण भगवान के आचरण से प्रकट गंगा हैं।अंत में शुक देव जी का आगमन हुआ और उन्होंने मात्र 7 दिन में राजा को मुक्त कर दिया। इसके अतिरिक्त आपने गोकर्ण चरित्र की मार्मिक व्याख्या करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भक्ति के पुत्र ज्ञान वैराग्य की चर्चा करते हुए आपने कहा कि जब भक्ति के पुत्र ज्ञान वैराग्य असमय में वृद्ध हो गये तो नारद ने भागवत कथा के प्रभाव से ही उन्हें पुनः युवक बना दिया जिस भागवत कथा ने साक्षात भक्ति का दुख दूर किया वह भक्तों का तो परम कल्याण करने में समर्थ है।अंत में कमलेश्वर प्रसाद द्ववेदी रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी धनेश्वर प्रसाद द्विवेदी योगेश्वर द्विवेदी लक्ष्मी नारायण द्विवेदी दुगार्शंकर द्विवेदी एवं समस्त द्विवेदी तथा समस्त द्विवेदी परिवार ने कथा प्रवक्ता एवं सभी श्रोताओं का आभार स्वागत किया।



## खबर संक्षेप

### जागरण को लेकर बैठक संपन्न

**नैनी।** प्रयागराज बुधवार दोपहर एक रेस्टोरेंट में विशाल मां भगवती जागरण को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राहुल जायसवाल व रवि जायसवाल ने की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 7 मई को विशाल मां भगवती जागरण हनुमान नगर में होना सुनिश्चित हुआ है। जिससे यहां के व्यापारी व नागरिक बहुत ही उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। आपको बताते चलें कि यह कई वर्षों से जागरण होता चला आ रहा है।जो कोरोना काल के चलते टाल दिया गया था। फिर वह कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह जागरण छठवां साल बताया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से लाला जायसवाल, मोनू जायसवाल, डॉ राकेश विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, विवेक कुमार, दिलीप कौशल,देवा श्रीवास्तव, राकेश कुमार,विशाल जायसवाल, राकेश गुप्ता, गोलू जायसवाल बबलू जा बाबा जी,आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# दादी व पोते की मौत के मामले में मृतक की पत्नी सहित सास ससुर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के ढोकरी गांव में गत मंगलवार को दादी और पोते का शव एक कमरे में मिला था । कमरे से ही 9 पन्ने का सुसाइड नोट भी मिला था। इसमें पत्नी से विवाद की बात कही गई थी। वहीं मृतक के मामा नंद लाल मौर्य की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मृतक की पत्नी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज किया गया था, इसके ससुरालपक्ष के अन्य लोगों को अज्ञात में आरोपी बनाया था। आज फुलपुर पुलिस ने मृतक की पत्नी व सास, ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।ढोकरी निवासी अरविंद कुमार मौर्य (40) पुत्र राजकुमार का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि दादी ललिता देवी (80) मृत पड़ी मिलीं थी। देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है, जिमसें अरविंद की मौत फांसी लगाने से और दादी ललिता देवी की मौत हार्ट अटैक से होना बताया गया। इस मामले में मृतक के मामा नंदलाल मौर्य ने एफआईआर दर्ज कराया है। इसमे मृतक की पत्नी नामजद है। इसके अलावा अन्य लोगों को अज्ञात में आरोपी बनाया गया है।



घटना के दिन लगी रही ग्रामीणों की भीड़

**नौ पन्ने का है सुसाइड नोट :** कुल नौ पन्नों के सुसाइड नोट में 7 लोगों के नामों का जिक्र किया गया है।सुसाइड नोट से यह भी पता चला है कि मृतक की पत्नी के अवैध संबंध थे, जिसे लेकर वह परेशान चल रहा था। ससुराल पक्ष भी परेशानी का बड़ा कारण था। हालांकि, सुसाइड नोट की भी जांच की जा रही है।

**पत्नी के मायके जाने के बाद बढ़ा तनाव :** वहीं पति व पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। तीन माह पहले दोनो के बीच दूरी इस कदर बढ़ी कि पत्नी बेटे पवन और बेटी सोनाली को लेकर अपने मायके चली गई थी। इसके बाद से अरविंद लगातार तनाव में रहता था।

**इससे पहले 4 लोगों ने की थी आत्महत्या :** ढोकरी गांव में फांसी लगाकर जान देने वाले अरविंद मौर्य के परिवार में अकाल मौत का सिलसिला वर्ष 2013 से चला आ रहा है। अरविंद की मां भाग्यमानी और बहन मनीषा ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया था। इस घटना के दो दिन अरविंद के पिता रामकुमार ने गांव के पास ही ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। उसके दो वर्ष बाद भाई नागेंद्र ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली थी।

## हिंदुवादी नेता कमलेश तिवारी हत्याकांड में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** हिंदू समाज पार्टी के अध्यक्ष कमलेश तिवारी की हत्या के मामले में दाखिल जमानत अर्जी को जिला अदालत ने खारिज कर दिया है। जमानत अर्जी मुख्य आरोपी सैयद आसिम अली की ओर से दाखिल की गई थी। अदालत ने परिस्थितियों और साक्ष्यों को देखते हुए कहा याची जमानत के योग्य नहीं है। यह आदेश अपर सत्र न्यायाधीश राम किशोर शुक्ल ने दिया है। सरकार की ओर से मामले की पैरवी शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि, अपर शासकीय अधिवक्ता गिरीश चंद्र तिवारी और हरि नारायण शुक्ल ने की। अभियोजन के अनुसार वादिनी किरन तिवारी ने लखनऊ के हिंडोला थाने में 18 अक्तूबर 2019 को अपने पति की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। याची और उसके साथियों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। एफआईआर के मुताबिक याची और उसके साथियों ने मिलकर उसके पति की हत्या कर दी। वह अपने कार्यालय में लहूलुहान पड़े थे।मामले में याची ने जमानत के लिए पहले भी अर्जी दाखिल की थी लेकिन अदालत ने उन्हें राहत नहीं दी थी। याची की दूसरी जमानत अर्जी पर सोमवार को सुनवाई हुई थी। अदालत ने सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। मंगलवार को उसने अपना फैसला सुनाते।

## शहर में बनेगा एक और पिंक टॉयलेट

**प्रयागराज।** संगमनगरी में एक और पिंक टॉयलेट बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने पिंक टॉयलेट बनाने के लिए तीन लाख का बजट स्वीकृत किया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत टॉयलेट बनाने के लिए शहर में जगह की तलाश की जा रही है। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता उत्तम कुमार वर्मा ने सभी अधिशासी अभियंताओं को टॉयलेट के लिए जमीन तलाश करने को पत्र भेजा है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं एलिजाबेथ काहिल उर्फ स्वामी शारदामाता,जन्मतिथि 18/11/1950 नागरिक कनाडा, सन् 2004 से क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान, झूंसी, प्रयागराज में निवास कर रही हूँ। मैं स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन दे रही हूँ, जिससे मैं पूर्ण रूप से भारत की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर सकूं।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं रोड्रिगो बज्जो दिनर्दी उर्फ स्वामी भावानंद, जन्मतिथि 05/11/1980 नागरिक ब्राजील, सन 2007 से क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान, झूंसी, प्रयागराज में निवास कर रहा हूँ। मैं स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन दे रहा हूँ, जिससे मैं पूर्ण रूप से भारत की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर सकूं।

## न्यूज झरोखा

### जसरा बाजार में हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की हुई बैठक



**जसरा।** हेमवती नंदन बहुगुणा ने प्रयागराज के जमुनापार का विकास और सेवा का जो स्वप्न देखा था उसे बहुगुणा के समकालीन सहयोगियों के साथ मिल करके बहुगुणा स्मृति समिति पूरा करने का प्रयास करेगी। उक्त बातें प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने जसरा बाजार में हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि यमुनापार में बाढ़ और अन्य आपदाओं के समय हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति हमेशा पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिला करके उनकी मदद के लिए तैयार रहता है । बारा विधानसभा के तरहार इलाके में बाढ़ की आपदा के समय बहुगुणा स्मृति समिति के स्वयंसेवक शिविर लगा करके लोगों के पुनर्वास और अन्य जरूरतों के पूरा करते हैं । इतना ही नहीं प्रयाग के कुंभ मेला में बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा लगाया जाने वाला भूला भटका शिविर आज पूरे देश के लिए आदर्श बन चुका है। उन्होंने कहा हमें क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार , वरिष्ठ समाजसेवी तथा हेमवती नंदन बहुगुणा के समकालीन लोगों को साथ में लेकर के सेवा भावना के साथ बहुगुणा स्मृति समिति का विस्तार करना है । स्वर्गीय बहुगुणा जी द्वारा दिखाया गया आदर्श और सेवा भावना को निरंतर जारी रखने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संत प्रसाद पांडे , भोला नाथ दुबे , आनंद जायसवाल , जितेंद्र गुप्ता जीतू बाबू ,गया प्रसाद त्रिपाठी , अनिल मिश्रा , निर्मला निषाद , नितिन केसरवानी , अरुण कुमार तिवारी , कमलेश मिश्रा , सचिन श्रीवास्तव , मोहम्मद जफर , प्यारे मोहन , महेंद्र कुमार शुक्ला , अखिलेश शुक्ला , श्री राम बिंद सहित सैकड़ों जन उपस्थित रहे।



### 250 से अधिक रिक्शाचालक को भोजन वितरण किया गया

**नैनी।** प्रयागराज बुधवार को अब्दुल हकीम भोजनालय ट्रस्ट धाता कि तरफ से समाजसेवी महताब आलम के सौजन्य से 250 से अधिक रिक्शाचालक व फुटपाथ पर रहने वाले जरूरतमंद लोगों को प्रयागराज सिविल लाइंस,पोलो ग्राउंड,साई मंदिर, राम बाग व अन्य क्षेत्र में भोजन वितरण किया गया।जिसमें सहयोगी साथी हिना खान,शाहिन फातिमा, अनुराधा , जूही जायसवाल, मंजु,बबीता, अनामिका, रश्मी , गुंजन, राहुल बनर्जी , पिन्टू गुप्ता रिंकू यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रियों की होगी पुख्ता सुरक्षा : उप राज्यपाल मनोज सिन्हा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जम्मू और कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को प्रयागराज पहुंचे। उनका सर्किट हाउस में इलाहाबाद की भाजपा सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद सर्किट हाउस में गार्डआफ आनर दिया गया।

**बोले- अब माहौल सुधर रहा है कश्मीर घाटी में**

उपराज्यपाल ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ कुछ देर वार्ता भी की। उन्होंने जम्मू और कश्मीर के हालात की जानकारी देते हुए कहा कि अब घाटी में माहौल सुधर रहा है। आम लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी पहले से अधिक मिल रही हैं। अमरनाथ यात्रा पर आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जंक्शन पर पहुंचने के बाद सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय सरकार की है। निडर होकर लोग आएं, सभी का स्वागत है। उम्मीद है कि इस बार करीब आठ लाख लोग बाबा के दर्शन करेंगे। उपराज्यपाल एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। उनसे मिलने वालों में शशिवार्ष्णेय, अभिषेक शुक्ला, राजेश केशरवानी आदि शामिल रहे।



मनोज सिन्हा का स्वागत करती सांसद

## 21 रमजान को मोमबत्ती की रोशनी में निकलेगा कदीमी जुलूस

**प्रयागराज।** अन्जुमन गुन्चा ए कासिमया व मोमनीन की ओर से शहादत हजरत अली पर 21 रमजान 23 अप्रैल की सुबह नमाज व मौलाना रजी हैदर की तकरीर और शहादत के बयान होगा। इसके बाद मस्जिद की लाइटों को बुझा कर मोमबत्ती की रोशनी में गुलाब व चमेली के फूलों से सजा विशाल ताबूत शहीदे कूफा हजरत अली इब्ने अबुतालिब निकाला जाएगा। जुलूस मस्जिद काजी साहब बख्शी बाजार से निकल कर हाथा स्व. खुरशैद हुसैन तक ले जाया जाएगा। वहीं इक्कीस रमजान का सबसे बड़ा जुलूस रानीमंडी के इमामबाड़ा आजम हुसैन से सुबह 7:30 बजे निकलेगा, जो रानीमंडी, चड्ढ़ा रोड, कोतवाली, नखास कोहना, खुल्दाबाद, हिम्मतगंज से होते हुए चकिया स्थित करबला तक ले जाया जाएगा। उक्त जानकारी उम्मुल बनीन सोसाइटी के महासचिव सेमो. अस्करी ने दी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढा विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी।

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढा विकास खण्ड सिराथू में चौदहवां वित्त,पन्द्रहवां वित्त चतुर्थ राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 21/04/2022 से 27/04/2022 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 28/04/2022 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**बीरेंद्र कुमार**
**पंचायत सचिव**
**विकास खण्ड सिराथू**
**जनपद कौशाम्बी**

**रामकली ग्राम प्रधान**
**बिदनपुर ककोढा विकास**
**खण्ड सिराथू जनपद**
**कौशाम्बी**

# शोभायात्रा, जुलूस के लिए परमीशन जरूरी देना होगा शपथपत्र : सौम्या गुरुरानी

### शंकरगढ़ थाना परिसर में क्षेत्रीय संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में हुई पीस कमेटी की बैठक

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** ईद और अक्षय तृतीया के मद्देनजर बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। यमुनापार के शंकरगढ़ थाना परिसर में आयोजित बैठक में एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी ने सभी उपस्थित लोगों से ईद और अक्षय तृतीया को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है। किसी को भी मनमानी करने की छूट नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक दूसरी की जरूरतों और भावनाओं का सम्मान करें। किसी का अहित न सोंचे। एसडीएम ने कहा कि लाउडस्पीकर लगाने और उसे इस्तेमाल करने के संबंध में भी गाइडलाइन जारी की गई है। लाउडस्पीकर को किसी भी धार्मिक परिसर के बाहर नहीं लगाना है। ऐसा कार्य बिल्कुल भी नहीं करना है, जिस पर किसी को कोई आपत्ति हो। एसडीएम ने बताया कि किसी भी प्रकार की शोभायात्रा अथवा जुलूस के लिए आयोजक को अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा उसे शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में एक शपथपत्र भी देना होगा।एसडीएम ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। एसओ मनोज कुमार सिंह ने भी शांति बनाए रखने की अपील की। कहा कि किसी भी तरह की समस्या और दिक्कत होने पर तत्काल सूचना दें। इस दौरान कुछ लोगों ने पानी और साफ-सफाई को लेकर नगर की समस्या बताई। इस पर एसडीएम ने नगर पंचायत के ईओ व अन्य संबंधित को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। बैठक में एसआई प्रवेश यादव, अजीत कुमार वर्मा, गंगाप्रसाद यादव, सुमित कुमार वर्मा, दीपक कुमार सिंह, पूर्वप्रधान कुलदीप पाठक, प्रधान परमेश्वर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, गुलाब सिंह, पिंटू सिंह, डा. मंगलेश, सलीम हाफिज जी, सुजीत केसरवानी, जावेद कुमार, जमील खां, वारिस अली, रहीस अहमद, दलकश अहमद, दीपक केसरवानी आदि मौजूद रहे।



शंकरगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक करते

## कार्यालय नगर पंचायत अझुवा-कौशांबी

**कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत अझुवा के माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में लंबित रिट याचिकाओं एवं नयी रिट याचिकाओं की प्रभावी पैरवी हेतु एवं रजिस्टर्ड अधिवक्ताओं से दिनांक 27/04/2022 को मुहरबंद कोटेशन समय 12:00 बजे पूर्वाहन तक कार्यालय नगर पंचायत अझुवा में प्राप्त किए जाएंगे। कोटेशन अपने निर्धारित पैड पर प्रस्तुत करें । प्राप्त कोटेशनो को उसी दिन समय 2:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोले जाएंगे। सर्वन्यून कोटेशन की ही दर स्वीकार की जाएगी। न्यूनतम कोटेशनदाता को वित्तीय वर्ष 2022 -23 (31मार्च,2023)तक माननीय उच्च न्यायालय में लंबित रिट याचिकाओं एवं नई रिट याचिकाओं की प्रभावी पैरवी के लिए मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशांबी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशांबी**

पत्रांक- 0029(2)/न. प.अ./2022-23 दिनांक- 20/04/2022

# सूरज की तपिश से जन जीवन प्रभावित दिन में सडकों पर पसर जाता है सन्नाटा

अखंड भारत संदेस

**मेजा रोड।** बीते एक सप्ताह से दोपहर से शाम के मध्य आसमान से आग बरसने का सिलसिला जारी है। तेज तपिश का दौर सुबह से ही शुरू हो जाता है, इससे जनजीवन प्रभावित हो जाता है। सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा रहता है।विवशता के तहत आवागमन करने वालों के गर्म हवा के थपेड़ों से तन झुलसने लगता है। सूर्यदेव के प्रकट होते ही तापमान बढ़ने का सिलसिला शुरू हो जाता है। तेज तपिश भरी हवा बहने से दोपहर से शाम के मध्य अधिकतर लोग घरों में ही दुबके रहते हैं, जिससे बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों पर चहल-पहल नजर नहीं आती है। शादी विवाह का सीजन होने के कारण लोगों को बाजरा जाने और व्यावहारिक दृष्टि से आवागमन होने को मजबूर होना पड़ता है। अभी तक का बुधवार को सुबह नौ बजे से ही गर्म हवा का दौर शुरू हो गया जो दोपहर से अपराह्न तीन बजे तक भीषण तपिश के रूप में कायम रहा। लगातार भीषण गर्मी रहने से जनजीवन बुरी तरह व्याकुल है, विवशता के तहत आवागमन करने वाले सारा तन ढकने को मजबूर हैं। तपिश के थपेड़ों से जलन महसूस होती हैं।जिससे लोगों को लू लगने की संभावना प्रबल हो जाती है। रिक्शा पर बैठकर या फिर साइकिल से एक-दो किमी का सफर किसी मुसीबत से कम नहीं है। तपिश के चलते अधिकतर कारोबार भी प्रभावित हैं, तड़के से पूर्वाह्न 11 तथा शाम को चार से रात आठ बजे तक की बाजारों में चहल-पहल होती है। सड़क किनारे ढाबों पर दोपहर से शाम के मध्य वाहनों की कतारें लगी रहती है। चालक-क्लीनर छायादार स्थानों पर आराम फरमाते है। ऐसे मौसम में शीतल पेय पदार्थो की खासी मांग बढ़ गई है। वहीं मौसम की मार से संक्रामक रोग तेजी से फैल रहे हैं, इससे अस्पतालों में रोगियों की खासी भीड़ नजर आ रही है। सीएचसी मेजा के अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश ने लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचाने की सलाह दी है। वहीं अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति सचेत रहने और धूप में न निकलने देने तथा किसी भी समस्या के आने पर तत्काल डाक्टर को दिखाने की सलाह दी है।



## एटीएम मशीन हैंग कर कार्ड बदलने वाले गिरोह के दो सदस्य पुलिस गिरफ्त में

**नैनी।** प्रयागराज नैनी पुलिस ने मंगलवार को बीमा अस्पताल गेट के पास एटीएम मशीन हैंग करने व कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान रामू उर्फ. आदित्य भारतीय, 28 निवासी सैदाबाद और विजय सिंह चौहान, 21 निवासी हंडिया के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के पास से एक तमन्चा, 4 कारतूस, 26 हजार रुपए नकद तथा 3 एटीएम कार्ड बरामद किए।पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार गिरोह आये दिन भोले-भाले लोगों के साथ एटीएम बूथ पर उनकी मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लेते हैं और फिर उसके खाते से सारे रुपये निकाल लेते हैं। ये लोग पहले एटीएम मशीन को हैंग करते हैं फिर लोगों की मदद करने के बहाने आगे आते हैं।

## कार्यालय नगर पंचायत अझुवा-कौशांबी

**निविदा/कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत अझुवा कौशांबी में पंजीकृत ठेकेदार /फर्म/अन्य को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग /नगर निधि/स्वच्छ भारत मिशन की धनराशि से नगर पंचायत अझुवा में आपूर्ति लिए जाने हेतु दिनांक 27/04/2022 को मुहरबन्द कोटेशन/निविदा समय 12:00 बजे पूर्वाहन तक कार्यालय नगर पंचायत अझुवा मे प्राप्त किए जाएंगे । कोटेशन अपने निर्धारित पैड पर प्रस्तुत करें । प्राप्त निविदा/कोटेशनो को उसी दिन समय 1:00 अपराहन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोले जाएंगे।सर्वन्यून कोटेशन की ही दर स्वीकार की जाएगी। न्यूनतम कोटेशनदाता को वित्तीय वर्ष 2022-23(31 मार्च,2023) तक आपूर्ति के लिए मान्य होगा। कराए जाने वाले कार्य/आपूर्ति का विवरण निम्नवत है-

| क्रमांक | आपूर्ति का विवरण | प्रस्तुत दर का प्रकार |
|---|---|---|
| 1. | अध्धा | दर प्रति ट्राली प्रस्तुत करें। |
| 2. | राबिश | दर प्रति ट्राली प्रस्तुत करें। |
| 3. | फ्लैक्स बोर्ड की आपूर्ति का कार्य। | प्रति एक्सवायर फुट में दर प्रस्तुत करें |
| 4. | नगर पंचायत अझुवा के समस्त वार्डों व शौचालयों पर वाल पेन्टिग का कार्य। | प्रति एक्सवायर फुट में दर प्रस्तुत करें |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशांबी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशांबी**

पत्रांक- 0028(2)/न. प.अ./2022-23 दिनांक- 20/04/2022

# गोशाला में वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन हेतु बनाये जा रहे पिट, चार पिट बनकर तैयार

## जुलाई माह में पिटों में बरनी डालने की बनी सहमति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के समीप बराछा गांव में बनी नगर पालिका की गोशाला में वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के लिये पिटों के निर्माण कराये जा रहे हैं। अब तक चार पिटों का निर्माण हो चुका है। अभी एक पिट बनाने की और योजना है।

बताया गया कि एक पिट में पांच कुंतल वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार होगी। बुधवार को गोशाला में पहुंचे नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, लिपिक मिथिलेश सिंह ने मानधाता क्षेत्र से आये वर्मी कम्पोस्ट के किसान राजेन्द्र सिंह चैहान को पिटों को दिखाकर उनसे सुझाव मांगा गया। राजेन्द्र सिंह चैहान ने बताया कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। वर्मी (केचुआ) इस गर्मी में मर जाएंगे इसलिये निमार्णाधीन पिटों में गोबर डालकर रख दिया जाए और इसमें जुलाई माह में वर्मी डाली जाए तो यह योजना ज्यादा कारगर होगी। इसी पर नगर पालिका के अधिकारियों ने भी सहमति जताई। बता दें कि मण्डलायुक्त संजय गोयल ने गत माह गोशाला के निरीक्षण में इसे आत्मनिर्भर बनाने का निर्देश दिया था, जिसके अनुपालन में गोशाला में मौजूद लगभग दो सौ गाय बछुओं के गोबर का सदुपयोग कर अच्छी मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट का व्यवसाय किया जा सकेगा जिससे गोशाला का अधिकांश व्यय निकल सकता है। अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि 40 दिनों में एक पिट से पांच कुंतल वर्मी कम्पोस्ट तैयार हो सकता है। इसी की तैयारी की जा रही है।



पिटों का निरीक्षण करते नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह व किसान राजेन्द्र सिंह चौहान।

## जमीनी विवाद में चाकू से युवक पर हमला, रेफर

**प्रतापगढ़।** रानीगंज कोतवाली क्षेत्र के खतनपुर गांव में जमीनी विवाद में भाई ने अपने भाई को चाकुओं से गोद दिया। 32 वर्षीय संजय यादव पर भाई अजय यादव ने ताबड़तोड़ हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। हमले में पेट, सीने व हाथ मे गहरे जख्म के साथ पेट के दोनों तरफ से आतें बाहर निकल आई। आननफानन में मेडिकल कालेज में घायल को कराया गया भर्ती, जहा से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस की जांच करने में जुट गई है।



लोक अदालत से सम्बन्धित बैठक में मौजूद प्रधान न्यायाधीश।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों का करें निपटाराः प्रधान न्यायाधीश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मई के सम्बन्ध में प्री0 लिटिगेशन बैठक की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की बात कही, उन्होने कहा कि इसमें पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिल जाता है और उनको बेवजह कचहरी के चक्कर नही काटने पड़ते, इसमें धन और समय की बचत होती है। बैठक का संयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित अधिवक्तागण, मध्यस्थगण एवं परामर्शदाता भी उपस्थित रहे।

# बेटी को भी खूब पढ़ाओ, दो घर की किस्मत चमकाओ

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली



सराय जानमती में निकली स्कूल चलो अभियान रैली।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सराय जानमती स्थित कम्पोजिट स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा बुद्धवार को स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई।रैली को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आशा रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान शिक्षकों ने घर घर जाकर अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मो.रिजवान के निर्देशन में निकली रैली विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर दुजई वैश का पुरवा, गंगाराम का पुरवा, नई बस्ती से होते हुए विद्यालय वापस पहुंची। रैली में छात्र छात्राओं ने हाथों में तख्ती लेकर आधी रोटी खायेंगें,स्कूल जरूर जायेंगें। हम भी स्कूल जायेंगें, सबका मान बढाएंगे। बेटी को भी खूब पढ़ाओ,दो घर की किस्मत चमकाओ। शिक्षा ऐसी सीढ़ी है,जिससे चलती पीढ़ी है तथा हम बच्चों का नारा है,शिक्षा अधिकार हमारा है आदि का नारा लगा रहे थे। इस मौके पर सहायक अध्यापक संजीव द्विवेदी, शिक्षामित्र प्रदीप सिंह, संजय कुमारी, राज कुमार पाल, चंद्रकली, देवकली, केसर देवी, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से भगाया, पुलिस नही दर्ज कर रही रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के चंदन का पुरवा भदिव गांव निवासी रामदुलारी सोनकर पत्नी राकेश सोनकर ने संग्रामगढ़ पुलिस व महिला प्रकोष्ठ को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि ससुराल में जमीनी विवाद को लेकर देवर, जेठानी ने 4 अप्रैल 2022 की शाम 7 बजे घर के दरवाजे पर अपने पति राकेश सरोज से घरेलू विवाद को लेकर सुलझा रही थी कि उपरोक्त आरोपीगणों ने मुझे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारा पीटा और अश्लील हरकत किया और मेरे घर मे बाहर से ताला लगा बन्द कर दिया और मुझे जान से मारने की धमकी दिया। संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा पीड़िता की सुनवाई न होने पर 19 अप्रैल को महिला प्रकोष्ठ की शरण मे अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमे महिला प्रकोष्ठ ने उक्त आरोपियों के खिलाफ अभियोग शिकायत कर्ता की दर्ज की जिसमें परिवार वाले रंजिशन घर मे ताला बन्द किये

## श्री गुरुतेग बहादुर साहिब जी का 400वां प्रकाश पर्व आज

**प्रतापगढ़।** हिन्द की चादर कहे जाने वाले, तिलक जनेऊ के रक्षक एवम मानवता के लिए अपना बलिदान देने वाले श्री गुरू तेग बहादुर जी का प्रकाश पर्व (जन्मदिन) बड़े ही प्यार व श्रद्धा के साथ पूरे विश्व भर में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के गुरुद्वारा नानकशाही बाबागंज की प्रबंधक कमेटी और संगतो के सहयोग से 21 अप्रैल को मनाया जायेगा जिसमें सुबह आठ बजे श्री अखंड पाठ साहिब का समापन, साढे. आठ बजे से दस बजे तक कीर्तन हजूरी रागी भाई विपिनप्रीत सिंह करेंगे। यह जानकारी मंजीत सिंह गोबिन्द ने दी।

# अष्टभुजा मंदिर में धूमधाम से शुरू हुआ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव , वृहद भण्डारे का हुआ आयोजन



फोटो 4-मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में पूजन कार्यक्रम करते मधुर सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर तहसील के ग्राम सभा गोड़े में मंगलवार से अष्टभुजा देवी दुर्गा धाम में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में वाराणसी के लेबर कमिश्नर गांव के मूल निवासी मधुर सिंह अपनी पत्नी के साथ पूजन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

बता दें कि अष्टभुजा देवी धाम मंदिर परिसर में श्री राम दरबार, श्री हनुमान जी, श्री राधा कृष्ण की मूर्ति स्थापना का तीन दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है। वैदिक मंत्रों से मंदिर परिसर में मूर्तियों का पूजन जारी है। कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को भी दिनभर अनुष्ठान पूजन चलता रहा।

शाम को बृहद आरती का कार्यक्रम अनवरत जारी है। ग्राम वासियों के सहयोग से 12वीं सदी के बने इस ऐतिहासिक अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में अनुष्ठान चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रमुख लोगों में ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता विद्या भान सिंह, संतोष सिंह, रमेश प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, अजीत प्रताप सिंह, संजय प्रताप सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, सहित अनेकों ग्रामवासी कार्यक्रम में रहे। बृहस्पतिवार को मूर्तियों की शोभायात्रा के साथ वृहद भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त ग्रामवासी एवं आसपास के श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है।

## रानीगंज कैथोला बाजार में हुई इफ्तार पार्टी

**लालगंज, प्रतापगढ।** मंगलवार को रानीगंज कैथौला बाजार स्थित मस्जिद में रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजक प्रधान ददन सिंह ने कहा कि इस्लाम धर्म के इस पाक माह मे रोजा रखकर जो भी अल्लाह की इबादत करता है उसकी सभी मुरादें पूरी होती है। इस मौक पर महताब आलम, सोहराब, सद्दाम, लाड़ले, मो० ईशा, मो० अफजल आदि लोग रहे।

## पॉक्सो एक्ट के वांछित को पुलिस ने दबोचा

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के परियावां नहर के पास से पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त संदीप विश्वकर्मा पुत्र रामलाल विश्वकर्मा निवासी दूबेपुर सरायखान दे० थाना महेशगंज निवासी को उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने अपने हमराही के साथ मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्तों की तलाश व क्षेत्र चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया, जिसकी लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

## बायोमैट्रिक अटेण्डेंस प्रक्रिया लागू के सम्बन्ध में बैठक 23 को

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं के बायोमैट्रिक अटेण्डेंस प्रक्रिया लागू किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को अपरान्ह दो बजे विकास भवन के सभागार कक्ष में समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों हेतु आवश्यक बैठक की जायेगी। उन्होने जनपद के समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों को सूचित किया है कि 23 अप्रैल को विकास भवन सभागार कक्ष में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला अभियुक्त देशी बम के साथ गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना क्षेत्रों में निरंतर वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही है व थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर निरंतर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

इसी क्रम में थाना आसपुर देवसरा से उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के आमापुर रोड पर पिपरी मोड़ के पास से एक व्यक्ति राजेश सिंह पुत्र रामबचन सिंह नि0 मानापुर थाना आसपुर देवसरा को चार अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 75/2022 धारा 4/5 विष्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है। राजेश सिंह पर गणमान्य नागरिकों पर आत्तिजनक टिप्पणी करने/धमकी देने से सम्बन्धित प्रकरण में पंजीकृत किया गया है। उधर थाना अंतू के उ0नि0 श्याम सुन्दरलाल श्रीवास्तव मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0- 136/2022 धारा 363, 366, 504, 506 भादवि व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5, 3(2)5ए एससी/एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त कपिल वर्मा पुत्र स्व0 मुन्नू वर्मा निवासी शिवराजपुर थाना अंतू, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के ककरहा चैराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियोग से संबंधित अपहृता को पूर्व में बरामद किया जा चुका है।

# आराधना मिश्र मोना ने जिले का नाम किया रोशनः डा0 लालजी

## जिला कांग्रेस कार्यालय पर विधायक का मना जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पूर्व प्रत्याशी सदर डॉ. नीरज त्रिपाठी के संयोजन में जिला कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन, प्रतापगढ़ में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता एवं रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्र मोना का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं संचालन शहर अध्यक्ष इरफान अली जी ने किया।

अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि आराधना मिश्रा मोना ने लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा जो श्रीमती प्रियंका गांधी ने दिया था उस पर खरी उतरी और तीसरी बार हैट्रिक लगाकर रामपुर खास और अपने पिता प्रमोद तिवारी एवं प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि आराधना मिश्रा मोना गरीबों, शोषितो, वंचितों महिलाओं, युवाओं एवं बेरोजगारों की आवाज सड़क से लड़कर सदन तक पहुंचाने का काम करती हैं। संचालन कर रहे शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि विधायक जी प्रतापगढ़ के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का नाम भी रोशन करें। इस मौके पर पीसीसी सदस्य डॉ प्रशांत देव शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ वीके सिंह, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, डॉ. अजय सिंह, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरोज कश्यप, शहर कांग्रेस के प्रभारी इश्तियाक अहमद, प्रमोद तिवारी यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, फतेह बहादुर सिंह, मोनू मिश्रा बिहारगंज, आशुतोष तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू मिश्रा, विकास शुक्ला, सुरेश सिंह, सलमान खान, यूनुस चाचा, अतुल ओझा, श्याम शंकर तिवारी, बेलाल भाई उपस्थित रहे।



विधायक मोना के जन्मदिन पर केक काटते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी

# एआईडीएसओ का चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी पट्टी को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार की दोपहर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑगेर्नाइजेशन के तत्वावधान में शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर 4 सूत्री मांगों को लेकर पट्टी तहसील गेट के सामने प्रदर्शन किया गया। उसके बाद उप जिलाधिकारी पट्टी देशदीपक को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री से मांगों को पूरा करने की अपील की गई।

बुधवार की दोपहर पट्टी तहसील गेट के सामने ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन एआईडीएसओ संगठन के दर्जनभर कार्यकर्ता अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एआईडीएसओ राज्य सचिव दिलीप कुमार ने बताया कि निजी स्कूलों में 10 फीसदी फीस वृद्धि करने की छूट का फैसला वापस करने, कापी किताब के दाम में 25 से 30 फीसदी भी बढ़ोतरी को वापस लेने, शिक्षा का निजीकरण व्यापारीकरण करने वाली शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने, तथा निशुल्क जनवादी वैज्ञानिक व धर्मनिरपेक्ष को लागू किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय आजादी आंदोलन के मनीषियों क्रांतिकारियों तथा साहित्यकारों ने आजाद भारत की निशुल्क जनवादी वैज्ञानिक व धर्मनिरपेक्ष शिक्षा पद्धति लागू करने का सपना देखा था, लेकिन केंद्र व राज्य सरकार उनके सपने को दरकिनार करके शिक्षा के निजीकरण, व्यापारीकरण को बढ़ावा देने वाली नई शिक्षा नीति 2020 को लागू कर दिया है जो बेहद छात्र विरोधी तथा शिक्षा विरोधी है उन्होंने कहा कि सरकार जन विरोधी नीतियों को लागू कर रही है। इस दौरान एआईडीएसओ राज्य सचिव दिलीप कुमार के साथ संतोष कुमार, शिव कुमार, विजय प्रकाश राव, नवीन कुमार, राम कुमार यादव चंद्रभान सहित एक दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जबरन शराब पिलाकर जमीन का बैनामा कराने का आरोप , पीड़ित ने थाने में लगाई इंसाफ की गुहार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक अधेड़ को जबरन दो लोगों ने शराब पिलाकर नशे की हालत में उसके खेत का बैनामा कराने का आरोप पीड़ित व्यक्ति ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर लगाया है। मामले में पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद जांच में जुटी हुई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पचैरी गांव का रहने वाला रामदुलार पुत्र सहदेव बुधवार की दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंचा। जिस समय बाद पट्टी कोतवाली पहुंचा वह रो रहा था उसके साथ उसके घर के अन्य परिजन भी थे। शिकायती पत्र देकर उसने आरोप लगाया कि मंगलवार को उसके गांव के रहने वाले दो व्यक्ति उसे जबरन शराब पिलाया।

शराब पिलाने के बाद वह जब नशे में आ गया तो उन लोगों ने उसे उसके पचैरी स्थित खेत गाटा संख्या 257 की कीमती जमीन को जालसाजी करते हुए बैनामा करा लिया। उसने बताया कि आरोपियों ने नशे की दशा में उससे बैनामा कराया उसे होश नही था। पीड़ित ने बताया कि उसके लिए आरोपियों ने रुपया भी नहीं दिया। मामले में उसने पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया और जालसाजी करते हुए फ्रॉड का काम करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

## लूट के मामले में नहीं हुई कार्यवाही, पीड़ित ने दी आत्मदाह की धमकी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लूट के मामले में पुलिस की हीलाहवाली और आरोपी पर कार्यवाही ना किए जाने पर पीड़ित व्यक्ति ने फिर से पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया और धमकी दिया कि अगर इस बार कार्यवाही नहीं की गई तो वह डीएम आवास पर जाकर खुद को जलाकर आत्मदाह करेगा।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चैकियां गांव का रहने वाला है मुख्तार गुप्ता खीरा बेच कर अपना जीवन यापन करता है। उसने बताया कि वह कुछ दिन पहले ठेला लगाकर घर वापस आ रहा था तभी पट्टी नगर का रहने वाला एक व्यक्ति ने उसका 5000 रुपया तथा 3000 रुपये का मोबाइल रात में छीन लिया पीड़ित ने बताया कि उसके साथ दो अन्य व्यक्ति भी शामिल थे। उसने इस मामले में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया लेकिन तहरीर देने के बाद कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उसने इस संबंध में क्षेत्राधिकारी से लेकर पुलिस अधीक्षक तक शिकायत किया लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को पट्टी कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने बताया कि उसने नामजद तहरीर देकर इस मामले में कार्यवाही करने की मांग की है लेकिन फिर भी पुलिस की हीलाहवाली और लापरवाही के कारण आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है उसने यह भी बताया कि अगर एफ आई आर दर्ज करके आरोपी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो वह जिलाधिकारी आवास पर खुद को जला कर आत्मदाह कर लेगा।

## छात्र का एटीएम बदल कर भाग रहे चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को युको बैक के एटीएम से पैसा निकालने आए छात्र का उचक्कों ने एटीएम कार्ड बदल कर भागने लगे। पीड़ित छात्र ने दौड़ाकर एक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं दूसरा भागने में सफल है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मधुकर पुर नीमी निवासी चन्द्रकांत गुप्ता पुत्र माताफेर गुप्ता बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। वह लगभग दो बजे अपने बड़े भाई राजकरन गुप्ता का एटीएम कार्ड लेकर रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी के सामने स्थित युको बैक के एटीएम बूथ से पैसा निकाल रहा था।

## युवक की हत्या कर शव को सई नदी पुल के पास फेंका

**प्रतापगढ़।** शहर के एक युवक की हत्या कर शव को सई नदी के पुल के पास फेंक दिया गया। शव की सूचना मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है और मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के बारे में बताया जाता है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के सदर बाजार मोहल्ले में आबकारी रोड निवासी शहजादे नामक युवक आरओ के पानी का वितरण का कार्य करता था। बुधवार को उसका रक्तरंजित शव सई नदी पुल के पास मिलने से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पाकर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अभय पाण्डेय सहित भारी पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात करने में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि जल्दी ही पूरी घटना का पदार्फाश किया जाएगा। शहजादे की मौत का समाचार सुनकर घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबर संक्षेप

### कड़ा धाम में धूमधाम से मनाई जाएगी आज संत मलूक दास की जयंती

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम क्षेत्र में संत मलूक दास के आश्रम में 21 अप्रैल को संत मलूक दास की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी संत मलूक दास जयंती के अवसर पर आश्रम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे संत मलूक दास की जयंती मनाने की तैयारियां पूरी हो गई हैं आश्रम के संचालक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत मलूक दास की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे और इस मौके पर संत मलूक दास संस्थान दिल्ली के सदस्य भी जयंती कार्यक्रम में शामिल रहेंगे मलूक दास संस्थान दिल्ली के पदाधिकारी सतीश शर्मा जयंती कार्यक्रम की व्यवस्था को संभालने के लिए अपने अन्य पदाधिकारियों के साथ मलूक दास आश्रम कड़ा धाम पहुंच चुके हैं जहां जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही हैं।

# बारातियों से भरी बस पलटी 4 की मौत

**भूसा लादकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकराने के बाद दर्दनाक हादसा, फतेहपुर जनपद के प्रेम नगर थाना क्षेत्र में बीती रात हुआ दर्दनाक हादसा सड़क दुर्घटना में मृत हुए लोगों के शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी डॉक्टर रामहित गौतम के बेटे शशि प्रकाश की बारात फतेहपुर जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र के टेनी गांव मंगलवार की रात्रि 8 बजे बस से जा रही थी बारात से भरी बस जैसे ही सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेम नगर के पास अराम पुर बसई गांव मोड़ पहुंची कि भूसा लादकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से बारातियों से भरी बस टकरा गई हादसे के बाद बस सड़क पर पलट गई चारों ओर चीख-पुकार मच गई घटनास्थल पर 4 लोगों की मौत हो गई है इस हादसे में दर्जनों लोगों को गंभीर चोटें आई हैं मामले की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची है घायलों को इलाज के लिए फतेहपुर जिला अस्पताल भेजा है जहां कई लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया है हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है जैसे ही हादसे की जानकारी कन्या और वर पक्ष के घर पहुंची दोनों तरफ कोहराम मच गया घटनास्थल पर और अस्पताल की ओर लोग भागने लगे जश्न के इस माहौल में जिधर देखो उधर चीख-पुकार मची थी आज मृतकों के घर शव पहुंचने पर हर तरफ कोहराम मचा था मृत हुए लोगों में सुमित पुत्र किशन लाल निवासी सौरई खुर्द,बिंदेश्वरी पुत्र राजाराम अंतू का पुरवा कड़ा धाम,श्याम लाल, नीरज पुत्र मोहन लाल के शव घर पहुंचने पर परिजनों ने नम आंखों से उनका अंतिम संस्कार कर दिया है।



मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

### खड़े बालू के ट्रक में घुसी अल्टो कार एक की मौत एक घायल

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत कुआ डीह गांव के पास बारात से वापस जा रहे लोगों की कार खड़े ट्रक से टकरा गई है हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई दूसरा गंभीर घायल है फतेहपुर जनपद से एक बारात कुआँ डीह गांव में आई थी नाच गाना होने के बाद आदर्श सिंह उम्र 28 पुत्र चंद्रप्रकाश सिंह निवासी सरसौली धाता वा संजय चौधरी उम्र 23 पुत्र फूलचंद्र चौधरी निवासी करिकान थाना धाता फतेहपुर वापस रात्रि के 12:00 बजे जा रहे थे जैसे ही वह कुँवाडीह ईट भट्टे के पास पहुंचे थे बीच रोड पर खड़ा बालू ट्रक के पिछले हिस्से में उनकी कार जा घुसी टक्कर इतनी भयानक थी कि अल्टो कार के परखच्चे उड़ गए मौके पर आदर्श सिंह की मौत हो गई आसपास के मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल संजय को जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया है वहीं गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने संजय को प्रयागराज के स्वरूपरानी रेफर कर दिया है जैसे ही घटना की जानकारी परिवारजनों को चली तो रोते बिलखते परिजन भी मौके में पहुंच गए सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज झरोखा

### गाजियाबाद में हो रही राज्य शतरंज चैंपियनशिप में कौशांबी का प्रतिनिधित्व करेगे दो खिलाड़ी



**कौशांबी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में व-14 जिला शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन एम.वी.कान्वेट स्कूल और कालेज ओसा मे आयोजित किया गया जिला प्रतियोगिता का फाईनल परिणाम निम्न वत है बालिकाश वर्ग व14 में पहला स्थान हिमांशु मिश्र सरस्वती ज्ञान मंदिर दूसरा स्थान यस एन शिशु के नितिन दिवाकर तीसरा स्थान मयंक मनी त्रिपाठी चौथा स्थान एम वी कान्वेंट के आयुष मित्रा पांचवां स्थान यस एन कुनाल अग्रहरी ने हासिल किया है। बालिका वर्ग पहला स्थान एम वी कान्वेंट की रिधी देवी दूसरा स्थान एम वी कान्वेंट स्कूल की प्रियांशी सिंह तीसरा स्थान आस्था विश्वकर्मा ने हासिल किया है सचिव ने बताया इस प्रतियोगिता के प्रथम दो खिलाड़ी गाजियाबाद में हो रही राज्य शतरंज चैंपियनशिप में कौशांबी का प्रतिनिधित्व करेगे पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधालय के प्रधानाचार्य के .डी सिंह द्वारा खिलाड़ीयों को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार वितरण समारोह में शतरंज संघ के सचिव राघवेन्द्र शुक्ल चीफ ,स्वाधा द्विवेदी, सैय्यद नौशीन साहिल यादव,नीरज चोपड़ा,गगन, पुष्पराज अनमोल आदि मौजूद रहे।

### गंदगी से जूझ रहा गांव ग्रामीण परेशान



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के विकास खंड बारा अंतर्गत धाना ग्राम पंचायत में गंदगी का अंबार लगा है सड़कों पर गन्दा पानी भरा है ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत होती हैं आए दिन विकास खंड कार्यालय से लेकर ग्राम पंचायत तक ग्रामीण शिकायत कर रहे हैं लेकिन गांव की दुर्दशा में सुधार होता नहीं दिख रहा है गांव में सफाई कर्मी भी ड्यूटी से गायब रहता है जिससे गांव में गंदगी लगी है नालियों की सफाई नहीं होती है कूड़ा बजबज आ रहा है दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल है शिकायत पर कार्यवाही नहीं होती है आखिर यह सरकार में क्या चल रहा है बिना ड्यूटी के कैसे सफाई कर्मी का वेतन निकल रहा है यह तमाम सवाल जिम्मेदारियों की निष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं लेकिन सब कुछ स्पष्ट होने के बाद भी व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है।

### मोती लाल सिंह लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन संघ कौशांबी के चुने गए अध्यक्ष



**कल्याणपुर कौशांबी।** लैब टेक्नीशियन के चुनाव में मोतीलाल सिंह फिर निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं उनके विजयी घोषित होने पर माल्यार्पण कर समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया है इस मौके पर उन्होंने लैब टेक्नीशियन के हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया है। 19 अप्रैल 2022 को प्रांतीय पर्वेक्षक रामनरेश सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष लैब टेक्नीशियन संघ उत्तर प्रदेश निर्वाचन अधिकारी रमेश सिंह महा मंत्री राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद कौशांबी की उपस्थिति में लैब टेक्नीशियन संघ कौशांबी का निर्वाचन सयुक्त जिला अस्पताल कौशांबी के सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। जिसमे सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया।जिसमे अध्यक्ष पद पर मोती लाल सिंह के नाम का प्रस्ताव पियूष शुक्ला ने किया जिसका समर्थन संतोष सिंह वा उपस्थित सभी लैब टेक्नीशियन ने एक स्वर में किया।तथा साथ ही साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चंद्र कुमार,महामंत्री पूनम देवी,कोषाध्यक्ष पीयूष शुक्ला वा संप्रेक्षक दीपकमल सिंह को चुना गया। अंत में सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिलाई गई मोती लाल सिंह कई वर्षो से लगातार अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होते आ रहे है। चुनाव हाल में संतोष सिंह,प्रवीण सिंह,महेंद्र सिंह,धीरेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह,तेजप्रताप, योगेंद्र सिंह,विमल कुमार आदि जनपद के लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

### खा गए ठेकेदार पैसा नही बना पाई सड़क व नाला



**हररायपुर कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र में नाली व सड़क बनाए जाने के नाम पर 6 महीने पूर्व अधूरा कार्य छोड़ दिया गया है बताया जाता है कि सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई है लेकिन निर्माण कार्य अधूरे रह गए हैं अर्ध निर्मित नाली और सड़क के चलते गंदा पानी नाली में भरा रहता है जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है बार-बार शिकायत के बाद भी नाली और सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका है लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नाली और सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है। मूरत गंज बिकास खण्ड क्षेत्र के अंतर्गत सखाड़ा नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत कसिया पूर्व व नादरगंज मोड पर अर्ध निर्मित सड़क वा नाले को करीब 6 महीने से छोड़ दिया गया निर्माण पुराना हुआ और नाला पुल पानी से भर गया इसमें पानी निकलने की जगह नहीं है लोग तरह-तरह की बीमारियों से जूझ रहे हैं रास्ते में आने जाने की ग्रामीणों को काफी समस्या झेलना पड़ रहा है।

## अवर अभियंता का तबादला होते ही विधुत व्यवस्था हुई धड़ाम

**दिन दिन भर नही रहती लाइट पूरी पूरी रात जागकर काटते है बच्चे बूढे और जवान जबकि मुख्यमंत्री का आदेश चौबीस घंटे मिलेगी लाइट वर्तमान समय मे मुश्किल से दो तीन घंटे ही मिल रही है लोगो मे जबर दस्त आक्रोश**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में इस वक्त एक तरफ प्रचंड गर्मी दूसरी तरफ विद्युत कटौती के चलते कस्बा सहित आस पास के क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है जिसके चलते लोगो का जीना हराम हो गया है आपको बता दे कि जबसे अवर अभियंता आकाश सिंह का तबादला हो गया है तभी से भरवारी नगर पालिका विधुत आपूर्ति विहीन हो गई है जिसके चलते कस्बा वासियो के सामने विकराल समस्या खड़ी हो गई है। बता दे कि जब तक अवर अभियंता आकाश सिंह थे किसी भी समय विधुत की समस्या आती भी थी तो किसी भी अधिकारी की राय मशविरा के बिना ही विधुत की आपूर्ति को अभिलंब ठीक कराने का काम किया करते थे जिसके चलते कस्बा भरवारी सहित आस पास के क्षेत्रो में भी अपने अंगद रूपी पैर जमा कर समस्या को हल कर विधुत आपूर्ति उपलब्ध कराने का काम किया करते थे जिसके चलते क्षेत्र में इनके नाम का डंका बजा करता है ' जबसे आकाश सिंह का तबादला हो गया है तभी से कस्बा वासियो के सामने इस भीषण गर्मी में पीने का पानी हो या व्यापार हो चाहे रात को सोते समय लोग अंधकार मय जीवन जीने को मजबूर है। वही कस्बा में चाहे बच्चे हो या बूढे या फिर जवान सभी लोग इस भयंकर गर्मी का दस झेल रहे है ऐसा नही है जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने चुनावी वादा का फरमान भी जारी किया था कि अब उत्तर प्रदेश में सभी को चौबीस घंटे लाइट मिलेगी ' परंतु यहा अधिकारियों के ऊपर मुख्यमंत्री का आदेश कोई मायने नही लगता वैसे भी एक ही अधिकारी विधुत विभाग का था जो सभी की समस्या का निदान किया करता था अब नए अवर अभियंता के लिए यह कस्बा किसी बड़ी भारी चुनौती से कम नही होगी।

# बुजुर्ग महिला की रॉड से पीटकर हत्या, हत्यारा गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**सनकी युवक ने किया बुजुर्ग महिला की हत्या,क्षेत्र में मची सनसनी**



वृद्ध महिला की हत्या के बाद घटनास्थल पर जांच करती पुलिस

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में ग्राम सभा कानेमई में आज भोर सनकी युवक ने बुजुर्ग महिला की हैंडपंप के राड से सिर में वार कर हत्या कर दी।अभियुक्त को चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी ने हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार सुखरानी उम्र लगभग 85 वर्ष पत्नी स्वर्गीय शिव विशाली सैनी कोतवाली के ग्राम सभा कानेमई में अपनी सबसे छोटी पुत्री के साथ रहती थी गांव का ही सनकी युवक जोले उर्फ ज्वाला सिंह उम्र 25 वर्ष पुत्र शुकरु लोधी ने आज सुबह लगभग 3 बजे नल के रॉड से सिर में प्रहार कर हत्या कर दी मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि बुजर्ग महिला के पुत्र नही था 4 पुत्रियां थी सभी की शादी हो गयी थी सबसे छोटी पुत्री सुमेर कली जिसकी शादी कोरका ग्राम सभा के ध्यान सिंह के साथ हुई है सुमेर कली को बड़ी बहनों ने मां की देखभाल सहित घर खेत का हिस्सा भी दे दिया था परिजनों ने बताया घर के सभी लोग गेहूं काटने चले गए थे लगभग 3 बजे वृद्ध महिला झाड़ू लगा रही थी जोले आया औ? ये कहते हुए कि इसके टोने टोटके से मेरी तबियत ठीक नही रहती गाली दे रहा था बुजुर्ग महिला ने विरोध किया इतने में युवक ने हमला कर दिया जिसमे बुजुर्ग की मौत हो गयी युवक मृतका के घर के सामने ही स्थित अपने घर चारपाई पर बैठ गया परिजनों के अनुसार बगल में अर्जुन 14 वर्ष पुत्र ध्यान सिंह सो रहा था सहम कर दूर भाग गया अन्यथा युवक उसकी भी हत्या कर देता वहीं कुछ ग्रामीणों के अनुसार युवक सनकी है सनक में उसने हत्या कर दी तो कुछ ग्रामीणों ने कहा कि सनकी है तो अपने बुजुर्ग मां की हत्या कर देता हत्या की सूचना से क्षेत्र में सनसनी मचा गयी तमाम ग्रामीण की भीड़ लग गयी सैनी कोतवाल तेजबहादुर सिंह चौकी इंचार्ज अझुवा गौरव त्रिवेदी मयहमरहियो के मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया पुलिस आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

### विवाहिता को पीट पडोसी ने किया लहूलुहान

**कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली के एक गांव में पड़ोसी युवक ने विवाहिता को बेरहमी से पीट दिया। थाने पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। कटैया की रोशनी पत्नी जावेद अहमद ने बताया कि पड़ोसी से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। आरोप है कि रविवार की सुबह दोनों परिवार के बीच झड़प हो गई। इसके बाद पड़ोसी ने शाम को घर में घुसकर रोशनी को बेरहमी से पीटते हुए लहूलुहान कर दिया। मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। घर लौटे परिजनों को पड़ोसी युवक की करतूत बताते हुए पीड़िता दूसरे दिन थाने पहुंची। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में आयोजित हुआ विदाई समारोह

अखंड भारत संदेश

**पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम होता है जो आपके सपनों को साकार कर सकता है**



कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक और स्कूल की शिक्षिकाए

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में बुधवार को विदाई समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ बच्चो ने बड़े उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया क्लास 11 इँ के बच्चों ने क्लास ट्वेल्थ की बच्चों की विदाई समारोह को संपन्न कराया कार्यक्रम के दौरान सभी की आंखे नम थी। कार्यक्रम समारोह में मिस्टर कॉमर्स मयंक मिश्रा मिस कॉमर्स अंशिका सिंह मिस्टर साइंस श्रेयांश रस्तोगी मिस साइंस राहत खुर्शीद मिस्टर ह्यूमैनिटीज कार्तिकेय कार्तिकेय मिस ह्यूमैनिटीज सरसीज मिश्रा, मिस्टर केपीएस आदित्य कुमार मिस केपीएस अन्या जायसवाल और स्टूडेंट ऑफ द ईयर चाहत केसरवानी बने संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने छात्र एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया और अपने संदेश में कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम होता है जो आपके सपनों को साकार कर सकता है परिवार देश समाज का विकास कर सकता है शिक्षा के माध्यम से ही उत्थान संभव है सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा से कभी भी वंचित नहीं किया जा सकता यह सभी का मूल अधिकार है शिक्षा की लव जगाने का कार्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए वही संस्थान की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा पवार ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया और कहा कि आप लोग कठिन परिश्रम करके अपने परिवार, समाज का मान सम्मान बढ़ाएंगे कार्यक्रम के दौरान केपीएस फाउंडर देव बाबूजी प्रधानाचार्य विजय चौहान विजय यादव रत्नाकर नारायण तिवारी शालू प्रजापति दीपक खरवार आदि लोग उपस्थित रहे।

## छुट्टी काट रहे अफसर कर्मचारी पुलिस तत्काल लौंटे तैनाती स्थल : डीएम

**सीएम की बी.सी में अफसरों को मिला निर्देश, लापरवाही न बरतने की दी चेतावनी**

**कौशाम्बी।** आगामी पर्वो को देखते हुए शासन ने जिले के अफसरों को कडे निर्देश दिए हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सीएम के निर्देश के बाद जिले के अफसरों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि चार मई तक किसी भी हाल में अवकाश नहीं मिलेगा, इतना ही नहीं जो अफसर या कर्मचारी अवकाश पर हैं उनकी छुट्टी निरस्त की जाती है वह तत्काल अपने तैनाती स्थल पर पहुंचकर डयूटी पर लग जाएं। यहां बताना जरूरी होगा कि आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व.त्योहार हैं। रमजान का महीना चल रहा है। ईद का त्योहार और अक्षय तृतीया एक ही दिन होना संभावित है। ऐसे में वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। ऐसे में मंगलवार को अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, गृह (पुलिस) ने भेजे गए पत्र में भी साफ निर्देश दिया है कि थानाध्यक्ष से लेकर एडीजी तक अगले 24 घंटे के भीतर अपने.अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ सतत संवाद बनाए। थानाध्यक्ष, सीओ और पुलिस कप्तान से लेकर जिलाधिकारी मंडलायुक्त तक सभी प्रशासनिक,पुलिस अधिकारियों का चार मई तक का अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। इतना ही नहीं जो वर्तमान में अवकाश पर हैं, अगले 24 घंटे के भीतर तैनाती स्थल पर वापस लौटें। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इस व्यवस्था का अनुपालन होना सुनिश्चित कराया जाए। तहसीलदार हो, एसडीएम हो, थानाध्यक्ष हो अथवा सीओ आदि सभी अपनी तैनाती के क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करें। शासकीय आवास है तो वहां रहें अथवा किराए का आवास लें, लेकिन रात्रि में अपने ही क्षेत्र में रहें। इस व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। हालांकि शासन का निर्देश मिलते ही जिलाधिकारी सुजीत कुमार व एसपी हेमराज मीना ने सभी मातहतो को कडे निर्देश के साथ उन्हें ड्यूटी पर रहने की चेतावनी दी है।

# सांसद ने स्वास्थ्य मेले का फीता कटवाकर करवाया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश



स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ करते सांसद

**कौशाम्बी।** सरकार के निदेर्शानुसार जनपद के सभी ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन दिनांक 18 अप्रैल से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है सांसद विनोद सोनकर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आलमचन्द्र में आयोजित स्वास्थ्य मेले का गांव की ही उपस्थित बुजुर्ग महिला को सम्मान देते हुए बुजुर्ग महिला से फीता कटवाकर शुभारम्भ करवाया। इसी प्रकार विकास खण्ड परिसर कड़ा में आयोजित स्वास्थ्य मेले का गांव के ही उपस्थित बालिका का सम्मान देते हुए बालिका से ही फीता कटवाकर शुभारम्भ करवाया। सासंद ने स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित लगाई गयी स्टालों का अवलोकन किया तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली देकर पोषण युक्त खान-पान की जानकारी दी। सांसद ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि उ0प्र0 सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन 18 अप्रैल से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूकता लाने, केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूकता प्रदान कर लाभान्वित करने में बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों-पीड़ित, शोषित, वंचित एंव अंतिम पायदान के व्यक्ति को समर्थ/लाभान्वित करने का निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने इस कार्य में सभी से सहयोग करने कीं अपेक्षा करते हुए कहा कि यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने बेटियों, मजदूरों व किसानों सहित अन्य लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनायें संचालित की हैं। सरकार सभी के उत्थान व कल्याण के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो वादा किया है उन सभी वादों को पूर्ण करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए चाहे वह किसी भी धर्म व जाति का हो, अनेक योजनायें संचालित कर लाभान्वित कर रही है। उन्होने कहा कि जब केन्द्र व प्रदेश में सम्वेदनशील सरकार होती है तो ऐसे मेलों का आयोजन कर लोगों को लाभान्वित किया जाता है। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी से कहा कि एक बार पुनः सर्वे कराकर सभी पात्र लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाय, यह सुनिश्ति चकिया जाय कि कोई छूटने न पाय। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आलमचन्द्र में आयोजित स्वास्थ्य मेले में 977 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लाभ उठाया। इसी प्रकार विकास खण्ड परिसर कड़ा में आयोजित स्वास्थ्य मेले में 466 रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लाभ उठाया स्वास्थ्य मेले में लोगों स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयॉ वितरित की गयीं तथा उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, शिशुओं के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल एवं टीकाकरण आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के0सी0राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## रैली निकाल साक्षरता अभियान की जगाई अलख

**कौशाम्बी।** विकास खंड नेवादा के उच्च प्राथमिक विद्यालय पेरई से स्कूल चलो अभियान की रैली ग्रामीणों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। रैली का नेतृत्व कर रहे शिक्षक हरीओम सिंह ने ई.रिक्शा को अभियान के बैनर से सुसज्जित कर पूरे गांव में भ्रमण कर अभिभावकों से संपर्क किया। इस दौरान बच्चों के हाथों में लुभावने नारे लिखी तख्तियां व बैनर रहे। रैली गांव की गलियों में घूमने के बाद स्कूल पहुंचकर संपन्न हुई। गांव में ई.रिक्शा से भ्रमण के दौरान शिक्षक द्वारा अपील की गई की वह अपने व पड़ोसियों के छह वर्ष से चौदह वर्ष के बच्चों का दाखिला स्कूलों में जरूर कराएं। खंड शिक्षाधिकारी नीरज कुमार उमराव ने कहा कि रैली के जरिये सभी बच्चों का चिह्नांकन कर उनका शत.प्रतिशत नामाकंन करना है ताकि हर बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

# आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर जनपद में 75 तालाबों को चयनित कर किया जायेगा जीर्णोद्धार

अखंड भारत संदेश

**प्रधानमंत्री द्वारा इन चयनित तालाबो का नाम अमृत सरोवर रखा गया तालाब के जीर्णोद्धार में सहयोग करने वाले सभी का नाम बोर्ड पर किया जायेगा अंकित**

**नगर पंचायत चरवा मे स्थित राम जूठन तालाब का भी किया जायेगा जोर्णाद्धार सांसद ने कहा तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य राष्ट्र निर्माण का कार्य**

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर की अध्यक्षता में उदयन सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अमर शहीदों को नमन एवं जल संचय गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया है कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत न्याय पंचायत स्तर पर 75 तालाबों को चयनित किया गया है, जिनका जीर्णोद्धार कराया जायेगा। इन चयनित 75 तालाबों में से 74 तालाब का प्रॉक्कलन तैयार कर लिया गया है, 57 तालाबों की तकनीकी/वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गयी है, 51 तालाबों की जी0यो0 टैग कराया जा चुका है व 04 तालाबों की नागरिक सूचना बोर्ड तैयार कर लिया गया है तथा आगे और तालाबों को चयनित कर जीर्णोद्धार करने की कार्यवाही की जायेंगी सांसद ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपेक्षा तथा विजन है कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में 75 तालाबों का चयन कर जीर्णोद्धार/खुदाई करायी जाय, ताकि आगामी पीढ़ी जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाये तो वह आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर हुए कार्यों को भी जान सकें। उन्होंने कहा कि तालाबों का जीर्णोद्धार का कार्य राष्ट्र निर्माण का कार्य है तथा हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री ने हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करने तालाब के जीर्णोद्धार में कार्य करने वाले सभी सम्बन्धित बी0डी0ओ0, ग्राम प्रधान, सचिव आदि का नाम बोर्ड पर अंकित किया जायेगा तथा प्रत्येक तालाब की बुकलेट तैयार कर सहयोग करने वाले सभी का नाम अंकित किया जायेगा। उन्होंने प्रधानों से भी इस कार्य में सहयोग करने की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण होने के बाद प्रत्येक न्याय पंचायत में एक खेल का मैदान बनाने की कार्यवाही की जायेंगी। इसके साथ ही उन्होने कहा कि नगर पंचायत चरवा मे स्थित राम जूठन तालाब का भी जोर्णाद्धार किया जायेगा। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सम्बन्धित अधिकारियो से कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाय। सभी तालाबों में इनलेट/आउटलेट पक्के बनाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि तालाबों का जीर्णोद्धार हो जाने से अवैध कब्जे नहीं हो पायेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी खण्ड विकास अधिकारी, सचिव ग्राम पंचायत एवं प्रधानगण एवं रोजगार सेवक उपस्थित रहें।

संपादकीय

# जीवन में उतार-चढ़ाव, और विषम परिस्थितियां

**कठिन** तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव ऊंचा रखना चाहिए और अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास, संयम एवं निरंतरता रखनी होगी, तब ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है। जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं। इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है।

# एकता, अखंडता एवं भाईचारे की संस्कृति पर हमला

**ललित गर्ग**

**प्रश्न उठता है, आखिर सार्वभौम मानव धर्म क्या है? भारतीय दृष्टि में पाश्चात्य मत ही धर्म की अवधारणा एकांगी और सम्प्रदाय की अवधारणा के अधिक नजदीक है। जबकि धर्म शब्द ह्रिलिजनह्ल से ज्यादा व्यापक है। भारतीयों ने इस शब्द का प्रयोग कभी सम्प्रदाय या पंथ के लिए नहीं किया, अपितु सर्वश्रेष्ठ जीवन मूल्यों, अहिंसा, सत्य, दया, प्रेम, करुणा, सह-अस्तित्व, सहिष्णुता तथा मानवता के लिए किया। अन्याय का प्रतिकार करना आत्मा का गुण-धर्म है। असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से जीवन की ओर, हिंसा से अहिंसा की ओर तथा भोग से त्याग की ओर जाना ही धर्म है**

**रामनवमी** एवं हनुमान जयन्ती पर एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने जो हिंसा, नफरत एवं द्वेष को हथियार बनाकर अशांति फैलायी, वह भारत की एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की संस्कृति को क्षति पहुंचाने का माध्यम बनी है। क्या इससे बुरी बात और कोई हो सकती है कि क्यों शांति एवं सद्भाव का संदेश देने वाले पर्व और उनसे जुड़े आयोजन हिंसा का शिकार हों? ध्यान रहे कि जब ऐसा होता है तो बैर बढ़ने के साथ देश की छवि पर भी बुरा असर पड़ता है। निःसंदेह इस सम्प्रदाय विशेष को भी यह समझने की आवश्यकता है कि जब देश कई चुनौतियों से दो-चार है, तब राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बल देना सबकी पहली और साझी प्राथमिकता बननी चाहिए। ताली एक हाथ से नहीं बज सकती। एक विभाजित और वैमनस्यग्रस्त समाज न तो अपना भला कर सकता है और न ही देश को आगे ले जा सकता है। समय आ गया है कि उन मूल कारणों पर विचार किया जाए, जिनके चलते तनाव बढ़ाने वाली घटनाएं थम नहीं रही हैं।

विडंबना यह है कि हिंसा, असहिष्णुता और घृणा की ये घटनाएं भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर हुईं, जो मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाते हैं, जो भारतीयता के प्रतीक है और नीतिपरायणता की साक्षात मिसाल हैं। ऐसी दिव्यआत्मा की जन्मजयन्ती पर देश के विभिन्न भागों में शोभायात्राओं पर हमले होना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को आघात पहुंचाने की कुचेष्टा भी है। अभी रामनवमी पर हमलों एवं अशांति फैलाने की घटनाओं की चर्चा जारी ही थी कि दिल्ली में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई एक शोभायात्रा भी हिंसा की चपेट में आ गई। इसी तरह की हिंसा हरिद्वार में भी हुई और आंध्र एवं कर्नाटक के शहरों में भी। इसके पहले हिंदू नववर्ष के अवसर पर भी हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें राजस्थान के करौली की घटना की गूंज तो अभी तक सुनाई दे रही है। ऐसी घटनाएं सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के समक्ष चुनौती भी खड़ी करती हैं। यह चिंता की बात है कि यह एक चलन सा बनता जा रहा है कि जब सार्वजनिक स्थलों पर कोई धार्मिक आयोजन होता है तो प्रायः पहले किसी बात को लेकर विवाद होता है और फिर हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार तो यह हिंसा बड़े पैमाने पर और किसी सुनियोजित साजिश के तहत होती दिखती है। मध्य प्रदेश के खरगोन और गुजरात के हिम्मतनगर एवं खंभात में हुई भीषण हिंसा यही संकेत करती है कि उसे



लेकर पूरी तैयारी की गई थी। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके की हिंसा भी इसी ओर इशारा कर रही है। देश का चरित्र बनाना है तथा स्वस्थ, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण समाज की रचना करनी है तो हमें एक ऐसी आचार संहिता को स्वीकार करना होगा जो जीवन में पवित्रता दे। राष्ट्रीय प्रेम व स्वस्थ समाज की रचना की दृष्टि दे। कदाचार के इस अंधेरे कुएँ से निकाले। बिना इसके देश का विकास और भौतिक उपलब्धियां बेमानी हैं। व्यक्ति, परिवार और राष्ट्रीय स्तर पर हमारे इरादों की शुद्धता महत्व रखती है, जबकि हमने इसका राजनीतिकरण कर परिणाम को महत्व दे दिया। घटिया उत्पादन के पर्याय के रूप में जाना जाने वाला जापान आज अपनी जीवन शैली को बदल कर उत्कृष्ट उत्पादन का प्रतीक बन विश्वविख्यात हो गया। यह राष्ट्रीय जीवन शैली की पवित्रता का प्रतीक है। इसी तरह भारत भी आज विश्वविख्यात होने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तो उसकी बढ़ती साख एवं समझ को खण्डित करने वाली शक्तियों को सावधान करना ही होगा। भारत जैसी माटी में जन्म लेना बड़ी मुश्किल से मिलता है। विश्व बंधुत्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा वाला यह राष्ट्र विभिन्न संस्कृतियों एवं सम्प्रदायों को अपने में समेटे है तो यह यहां के बहुसंख्यक समुदाय की उदार सोच का ही परिणाम रहा है, इसी बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय को आखिर कब तक कमजोर किया जाता रहेगा? क्यों किया जायेगा? कल पर कुछ मत छोड़िए। कल जो बीत गया और कल जो आने वाला है- दोनों ही हमारी पीठ के समान हैं, जिसे हम देख नहीं सकते। आज हमारी हथेली है, जिसकी रेखाओं को हम देख सकते हैं। अब हथेली की रेखाओं को कमजोर करने एवं उसे लहूलुहान होते हुए नहीं देखा जा सकता?

ताजा घटनाओं के मूल में भड़काऊ नारे एवं संकीर्ण राजनीति के मनसूंबे सामने आये हैं। इन आरोपों की जांच होने के साथ यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या कुछ राजनीतिक दल किसी भी बहाने भड़कने और हिंसा करने के लिए तैयार बैठे रहते हैं? वास्तव में जैसे यह एक सवाल है कि क्या भारतीय संस्कृति के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़े इन धार्मिक आयोजनों पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी करना जरूरी समझ लिया गया है? इन प्रश्नों पर दलगत राजनीति से परे होकर गंभीरता के साथ विचार होना चाहिए। इसी तरह पुलिस प्रशासन को भी यह देखना होगा कि वैमनस्य बढ़ाने वाली घटनाएं क्यों बढ़ती चली जा रही हैं? हिजाब, हलाल और अजान के नाम पर साम्प्रदायिक शक्तियों को संगठित करने एवं दूसरे धर्मों के आयोजनों पर हिंसक हमलों ने आज तेजी के साथ हिंसा, असहिष्णुता, नफरत, बिखराव और घृणा की साम्प्रदायिक जीवन शैली का रूप ग्रहण कर लिया है। यह खतरनाक स्थिति है, कारण सबको अपनी-अपनी पहचान समाप्त होने का खतरा दिख रहा है। भारत मुस्लिम सम्प्रदायवाद से आतंकित रहा है। जब इस्लामवाद भारत की मूल संस्कृति को लहूलुहान करने पर आमादा दिख रहा है और प्रतिक्रिया स्वरूप यदि उदार हिन्दू भी इसी आधार पर गोल बन्द हो रहे हैं तो गलती किनकी मानी जायेगी। आवश्यकता है धर्म को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए। धर्म और सम्प्रदाय के भेद को गड्मड् न करें। धर्म सम्प्रदाय से ऊपर है। राजनीति में सम्प्रदाय न आये, नैतिकता आए, आदर्श आए, श्रेष्ठ मूल्य आएँ, सहिष्णुता आये, सह-अस्तित्व के प्राचीन मूल्य एवं जीवनशैली आये। नैतिकता मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है। कर्तव्य और त्याग भावना पूर्ति करने वाली है। अतः न ही इनका विरोध हो और न ही इनकी तरफ से दृष्टि मोड़ लेना उचित है। अतः सम्प्रदायवाद से ऊपर उठकर सार्वभौम धर्म का साक्षात्कार ही हममें नवीन आत्मविश्वास, सशक्त भारत-विकसित भारत का संचार करेगा। जो समाज को धारण करे, उसे धर्म कहते हैं। लेकिन आज के युग में इसका सीधा अर्थ हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन आदि में से किसी एक को लिया जाता है। उपनिषदों में कहा गया है कि सभी मनुष्य सुखी हों, सभी भयमुक्त हों, सभी एक-दूसरे को भाई समान समझें। यह भारतीय धर्म चिन्तन का निचोड़ है और यही हिन्दू धर्म का निचोड़ है। जहां विश्व एक ही नीड़-सा लगे।

प्रश्न उठता है, आखिर सार्वभौम मानव धर्म क्या है? भारतीय दृष्टि में पाश्चात्य मत ही धर्म की अवधारणा एकांगी और सम्प्रदाय की अवधारणा के अधिक नजदीक है। जबकि धर्म शब्द रिलिजन से ज्यादा व्यापक है। भारतीयों ने इस शब्द का प्रयोग कभी सम्प्रदाय या पंथ के लिए नहीं किया, अपितु सर्वश्रेष्ठ जीवन मूल्यों, अहिंसा, सत्य, दया, प्रेम, करुणा, सह-अस्तित्व, सहिष्णुता तथा मानवता के लिए किया। अन्याय का प्रतिकार करना आत्मा का गुण-धर्म है। असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, मृत्यु से जीवन की ओर, हिंसा से अहिंसा की ओर तथा भोग से त्याग की ओर जाना ही धर्म है। यह धर्म देश, काल की सीमा तक सीमित न रहकर देशकालातीत है। धर्म की विशालता के आगे सम्प्रदाय छोटे-छोटे द्वीप दिखाई देते हैं। सबकी पूजा, प्रार्थना, उपासना की स्वतंत्रता भारतीय संस्कृति की विशेषता है। यही सबको भयमुक्त रखता है। किसी का कोई विरोध नहीं। सम्प्रदाय नहीं लड़ता है सम्प्रदायवाद लड़ता है। यह सम्प्रदायवाद तब बनता है जब इसका प्रयोग किसी दूसरे सम्प्रदाय के विरुद्ध राजनीतिक या सामाजिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किया जाता है।

# राष्ट्रभाव से प्रेरित पत्रकारिता और सामाजिक सरोकार

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**मीडिया** का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ अब सोशल मीडिया की भी बाढ़ है। लेकिन यह सब तभी तक सार्थक है, जब तक इनके सामाजिक सरोकार भी है। इसके निर्वाह के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह आवश्यक है। भारत में देवर्षि नारद ने ही पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किया था। उनके चौरासी सूत्र आधुनिक पत्रकारिता के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनकी सभी बात आज की मीडिया पर न केवल लागू होती है, बल्कि उनपर अमल से मीडिया को आदर्श रूप दिया जा सकता है। लेकिन आधुनिक वामपंथी खेमे पत्रकारों ने भारतीय संस्कृति की घोर अवहेलना की। उदारीकरण और वैश्वीकरण ने नया संकट पैदा किया है। ऐसे में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के महत्व को बनाये रखने की चुनौती है। इसमें धीरे धीरे सफलता भी मिल रही है। देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह संयोग है कि इस दौरान राष्ट्रवादी विचार से प्रेरित अनेक संगठन व संस्थान भी अपना अमृत वर्ष मना रहे हैं। कुछ दिन पहले विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी स्थापना के सात दशक होने पर ध्येय यात्रा पुस्तक का लोकार्पण नई दिल्ली में किया गया। इधर लखनऊ में हिन्दुस्थान समाचार बहुभाषी संवाद एजेंसी ने अमृत पर्व प्रवेश समारंभ-2022 का आयोजन किया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश जोशी भैयाजी, संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर सहित बड़ी संख्या में पत्रकार व अन्य लोग सहभागी हुए। योगी आदित्यनाथ ने हिन्दुस्थान समाचार के संस्थापक बाबा साहेब आप्टे, एजेंसी को नई उंचाइयों पर ले जाने वाले बालेश्वर अग्रवाल और एजेंसी को दोबारा प्रारंभ करने वाले श्रीकांत जोशी का आदरपूर्वक स्मरण किया। कहा कि उन्हें भी हिन्दुस्थान समाचार की पत्रिकाओं नवोत्थान और युगवार्ता से जुड़ने का अवसर मिला है। राष्ट्र भाव की पत्रकारिता के अनुरूप कार्य करते हुए हिन्दुस्थान समाचार ने यह यात्रा तय की है। वह अब अपने अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भी न्यूज एजेंसी भविष्य की चुनौतियों का समाना करते हुए लोगों तक गुणवत्तापूर्ण समाचार पहुंचाती रहेगी। हिन्दुस्थान समाचार ने आजादी के बाद भारतीयता को विशेष महत्व देते हुए सत्य, संवाद और सेवा को अपना ध्येय माना। वर्तमान समय में पत्रकारिता कई चुनौतियों का समाना कर रही है। प्रिंट, विजुअल और डिजिटल मीडिया के साथ ही लोगों का दृष्टिकोण बदला है। योगी आदित्यनाथ ने विश्वास व्यक्त किया कि है इन चुनौतियों का सामना करते हुए हिन्दुस्थान समाचार आगे बढ़ेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी भैयाजी जोशी ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में पचहत्तर वर्ष पूर्ण करना आसान नहीं है। पत्रकारिता को धर्म मानकर काम करने वाले ही सफल होते है। हिन्दुस्थान समाचार ने इसी विचार के अनुरूप कार्य किया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदर्श अपेक्षित हैं। उनके पालन से ही समाज व राष्ट्र का हित सुनिश्चित होता है। इन आदर्शों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। समाचार सम्प्रेषण में स्पष्टता व गुणवत्ता रहनी चाहिए। इससे प्रामाणिकता कायम होती है। साथ ही समाज का भी कल्याण होता है। उसी के आधार पर देश का लोकतंत्र स्वस्थ बना रहेगा। देश के लोकतंत्र का स्वस्थ बने रहना समग्र विकास के लिए आवश्यक शर्त है। समाज जागरूक होकर सही दिशा में चलता है तभी लोकतंत्र सफल होता है। हिन्दुस्थान समाचार अपने स्थापना के समय से ही लेकर आज तक इसी धारणा से कार्य कर रहा है। आज ऐसी ही ध्येयवादी पत्रकारिता की आवश्यकता है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने कहा कि हिन्दुस्थान समाचार ने देश की आजादी के बाद भारतीय भाषाओं में समाचार देने में बड़ी भूमिका निभाई थी। एक एजेंसी की सबसे बड़ी भूमिका यथास्थिति और स्पष्ट तथा पुष्ट जानकारी देना होता है। आज के समय में यह भूमिका और भी अधिक बड़ी हो जाती है। हिन्दुस्थान समाचार को आने वाले समय में भारत का सटीक और सही चित्रण विश्व पटल में रखने की बड़ी भूमिका निभानी होगी।

वस्तुतः भारतीय पत्रकारिता का वामपंथी विचारों ने नुकसान किया है। इसके लिए वामपंथियों ने अपना स्वरूप भी बदला है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक आधार समाज की व्याख्या की थी।

अभिव्यक्ति

# जहांगीरपुरी बवाल और रोहिंग्या-बांग्लादेशियों का हाथ

**आर.के. सिन्हा**

**इंदिरा** गांधी ने 1975 में देश में इमरजेंसी लगाई तो उस दौर में राजधानी दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले हजारों लाखों लोगों को उनके घरों से उजाड़कर अलग-अलग जगहों में बसाया गया था। उसमें उत्तर-पश्चिम दिल्ली का जहांगीरपुरी नाम का इलाका भी था। उसे इन अभागे लोगों के लिए ही बसाया गया। इधर मुख्य रूप से नई दिल्ली तथा साउथ दिल्ली की मलिन बस्तियों में रहने वालों को उठाकर ले जाया गया था। ये अधिकतर वाल्मिकी या धोबी समाज से थे। वक्त बदला तो जहांगीरपुरी में आबादी का चरित्र बदलने लगा। यहां पर ज्यादातर आ गए बांग्लादेशी मुसलमान। ये यहां पर कच्ची शराब बनाने से लेकर सट्टेबाजी के धंधे में लग गए। इन्होंने कभी शांत समझे जाने वाले जहांगीरपुरी में छोटे-मोटे अपराध करने भी शुरू कर दिए। जहांगीरपुरी में रोज क्लेश होने लगा। इनकी आबादी तेजी से बढ़ने लगी। दिल्ली के लोकप्रिय नेता मदन लाल खुराना भी राजधानी में बांग्लादेशियों की बढ़ती हुई जनसंख्या से डरे-सहमे हुए रहते थे। वे बार-बार कहते थे कि इनको दोनों देशों की सीमा पार करके यहां आने की इजाजत नहीं मिले। पर यह हो न सका। खुराना जी तो संसार से चल गए और बांग्लादेशी दिल्ली और देश के दूसरे भागों में आते रहे। खैर, जहांगीरपुरी की आबादी के चरित्र किस हद तक बदला, इसका पता चला जब हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर निकली शोभा यात्रा के वक्त कसकर बवाल काटा इन बांग्लादेशियों ने। वैसे ये अपने को पश्चिमी बंगाल का ही नागरिक बताते हैं। हालांकि जन्नत की हकीकत कुछ और है। इन्होंने हनुमान जन्मोत्सव मना रहे एक जुलूस पर ताबड़-तोड़ हमला करने के बाद यहाँ तक झूठ आरोप मढ़ दिया कि शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने एक मस्जिद पर अपना झंडा भी लगाने की कोशिश की थी । हालांकि दिल्ली पुलिस के कमिश्नर राकेश अस्थाना ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस की तफ्तीश से यह साफ हो गया है कि मस्जिद पर झंडा लगाने की कोई कोशिश नहीं हुई। जहांगीरपुर में हुई हिंसा के लिए जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, वे लगभग सब बांग्लादेशी मुसलमान हैं। अब जरा गौर करें कि इन देश विरोधी तत्वों को साथ मिल रहे हैं कुछ कथित नामवर बुद्धिजीवी भी। उनमें पत्रकार राणा अयूब भी हैं। दरअसल जहांगीर पुरी में हुई हिंसा के बाद एक वीडियो पर राणा अयूब ने ट्वीट किया तो जानी मानी पूर्व अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी और कोच मार्टिना नवरातिलोवा ने भी उनका समर्थन किया। राणा ने ट्वीट करते हुए लिखा था कि, ह्यराष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे। इस वीडियो को देखें। हिंदू कट्टरपंथी पिस्टल और हथियार लहराते हुए एक मस्जिद के आगे से गुजर रहे हैं। और क्या होता है? 14 मुसलमानों को गिरफ्तार करके आरोपी बनाया गया है। यह सब नरेंद्र मोदी के निवास से सिर्फ कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर हो रहा है। यह वही राणा हैं जिन पर हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप लगाया था कि वह एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि को लेकर गंभीर अपराध में संलिप्त हैं।यह केस फिलहाल कोर्ट में है। राणा को पिछली 29 मार्च को मुंबई एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया था। वह 29 मार्च को लंदन जाने के लिए मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंची थी । लंदन में वह महिला पत्रकारों पर साइबर हमलों की वैश्विक समस्या पर कार्यक्रम में शामिल होने वाली थीं। अब गौर करें कि इतनी संदिग्ध छवि वाली राणा अनाप-शनाप ट्वीट कर रही हैं। उस पर एक महान टेनिस खिलाड़ी प्रतिक्रिया दे रही है। यानी जहांगीरपुरी की शोभा यात्रा में हुए बवाल का अंतरराष्ट्रीयकरण कर दिया गया। देश की इज्जत तार-तार हो गई। राणा के प्रति सम्मान का भाव तो तब जागता अगर वह जहांगीरपुरी में बांग्लादेशी मुसलमानों की करतूतों पर भी ट्वीट करती। लेकिन वह यह क्यों करेंगी।

जहांगीरपुरी में हुई हिंसा में बांग्लादेशियों का रोल धीरे-धीरे सामने आ रहा है। बेशक, उस दिन की हिंसा में जो शामिल हैं उन्हें कठोर दंड मिले। देखिए राजधानी दिल्ली में एक अनुमान के अनुसार, बांग्लादेशियों की आबादी 5 लाख तक हो गई है। ये लगातार आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहते हैं। याद करें जब कुछ साल पहले राजधानी के विकासपुरी में बांग्लादेशी गुंडों ने डॉ.पंकज नारंग का कत्ल कर दिया था।

# हिंदी प्रेम या केवल 'पर उपदेश'

**तनवीर जाफरी**

पिछले दिनों संसदीय राजभाषा समिति की 37वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय गृह/सहकारिता मंत्री एवं राजभाषा समिति के अध्यक्ष अमित शाह ने हिंदी भाषा को अंग्रेजी भाषा के विकल्प के रूप में स्वीकार करने की आवश्यकता जताई । उन्होंने कहा कि हिंदी को स्थानीय भाषाओं के विकल्प के रूप में नहीं बल्कि अंग्रेजी भाषा के विकल्प के रूप में स्वीकार करना चाहिए। इसी दौरान शाह ने यह भी बताया कि अब कैबिनेट के एजेंडे का 70 प्रतिशत भाग हिंदी में तैयार किया गया है। अमित शाह ने कहा कि अलग-अलग राज्यों के लोगों को आपस में हिंदी में बात चीत करनी चाहिए अंग्रेजी में नहीं। शाह ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्णय किया है कि सरकार चलाने का माध्यम राजभाषा है और इससे निश्चित रूप से हिंदी का महत्व बढ़ेगा। अमित शाह ने इससे पूर्व वर्ष 2019 में हिंदी दिवस के दौरान अपने भाषण में 'एक राष्ट्र, एक भाषा' की भी चर्चा की थी। निश्चित रूप से हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है। इसका अधिक से अधिक प्रयोग किया जाना व इसके प्रयोग की वकालत करना भी सराहनीय है। परन्तु अमित शाह के इस बयान के बाद कुछ हिंदी भाषी राज्यों को छोड़ कर अधिकांश राज्यों विशेषकर दक्षिण भारतीय राज्यों में उनके हिंदी प्रेम का विरोध शुरू हो गया। तमाम प्रमुख नेताओं ने फिर वही बातें करनी शुरू कर दीं कि किसे क्या खाना,क्या पहनना और कौन सी भाषा बोलना है यह आम लोगों पर ही छोड़ देना चाहिये। किसी ने इसे भाजपा का 'सांस्कृतिक आतंकवाद' बताया तो किसी ने इन प्रयासों को क्षेत्रीय भाषाओं के मूल्य को कम करने का एजेंडा बताया। भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी पार्टी अन्नाद्रमुक समेत दक्षिण भारत के प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा भी इसका विरोध किया गया। अनेक नेताओं का मत है कि लोग चाहें तो अपनी मर्जी से हिंदी अवश्य सीख बोल सकते हैं, परन्तु हिंदी को थोपा जाना हरगिज स्वीकार्य नहीं है।

परन्तु हिंदी भाषा के प्रसार विस्तार व प्रचार की इन शासकीय कोशिशों के बीच खासकर गृह मंत्री शाह के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरकार चलाने का माध्यम राजभाषा बताने और इससे हिंदी के महत्व को बढ़ावा देने के दावों के परिपेक्ष में यह देखना और समझना भी जरूरी है कि वास्तव में स्वयं प्रधानमंत्री मोदी,उनकी सरकार व अन्य राज्यों में भाजपा सरकारें भी क्या अंग्रेजी के बजाये हिंदी को ही संपर्क भाषा के रूप में प्रचारित व प्रसारित करने के लिये उतनी ही फिक्रमंद हैं भी जितनी कि वह दिखाई व सुनाई दे रही हैं ? आईये स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गढ़ित उनकी प्रिय शब्दावलियों पर ही नजर डालें और देखें कि वे स्वयं संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल अधिक करते हैं अथवा अंग्रेजी का ? यदि प्रधानमंत्री बनने से पूर्व उनकी छवि चमकाने वाला सबसे प्रमुख कोई शब्द सुनाई देता था तो वह था 'वाइब्रेंट गुजरात '। वाइब्रेंट की जगह थरथराने वाला,कांपने वाला,फुतीर्ला ,व्यावसायिक आदि कोई हिंदी शब्द भी इस्तेमाल किया जा सकता था परन्तु 'वाइब्रेंट ' शब्द का इसीलिये इस्तेमाल किया गया ताकि पूरे देश और दुनिया को भी इसका अर्थ आसानी से समझ में आ सके। चुनावी मैदान में भी मोदी अपने विरोधियों को लिये प्रायः अंग्रेजी की ही शब्दावली प्रयोग में लाते थे। जैसे उन्होंने समाजवादी पार्टी,कांग्रेस,अखिलेश यादव तथा मायावती लिये स्कैम (रउअट) शब्द गढ़ा था। ऐसा ही मोदी गढ़ित शब्द था 'मॉडल'। मॉडल' का मतलब समझाते हुए मोदी ने कहा था कि फयानी राहुल, र मतलब सोनिया, श अर्थात वाड्रा और ढ का अर्थ प्रियंका है। इसी प्रकार विपक्ष के लिये उन्होंने अंग्रेजी के ही शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा बताया था कि अ से आदर्श घोटाला इ से बोफोर्स घोटाला, उ से सीडब्ल्यूजी व कोल घोटाला और ऊसे दामाद का कारोबार।

# एक अदद कार पार्किंग की जगह

**डॉ. सुरेश कुमार**

एक बड़े से शॉपिंग मॉल के कार पार्किंग में एक से बढ़कर एक चकाचौंध वाली कारें पार्क की गई थीं। निराकार और साकार के बीच ये भौतिकीय कार ही परमसत्य होने का भ्रम फैला रही थीं। इसी कार पार्किंग में एक पढ़ा-लिखा हाई-फाई किस्म का एक युवक सूली पर चढ़ाए किसी पैगंबर की तरह लंबी तानकर सो रहा था। मैंने उसे पास जाकर जगाया। उससे कहा झ्र ऐसी पावन मुद्रा में यहाँ क्या कर रहे हो? एक क्षण के लिए भ्रम हो रहा था कि कहीं साक्षात परलोक से इहलोक में प्रभु तो उतर नहीं आए हैं! जानते नहीं कि यह तुम्हारे नहीं कार के आराम करने की जगह है। उसने बड़े इत्मिनान के साथ कहा मैं जानता हूँ। लेकिन आप यह नहीं जानते कि इंसान जैसे-तैसे झुग्गी-झोपड़ी, मलीन बस्तियों, गंदे नालों के किनारे रह लेगा, कार नहीं रह पाएगी। इंसान समझौता कर लेते हैं इसीलिए यह दुनिया चल रही है। कारें समझौता नहीं कर सकतीं। इसीलिए मुझे इस तरह यहाँ सोना पड़ रहा है। मैं अभी भी उसकी बातों से सिविल की परीक्षा में पूछे गए सवालों की तरह कंफ्यूज था। मैं कुछ समझता उससे पहले ही वह परमात्मा की तरह मेरी दुविधा भांप गया। उसने कहा झ्र आप अधिक सोचिए मत। आपको और भी कई काम है। उसके लिए दिमाग की जरूरत पड़ेगी। तब सोचिएगा। जहाँ तक सवाल मेरे यहाँ लेटने का है तो आपको बता दूँ कि मेरे पिताजी कार में सवार होकर जाम में फँसे हैं। जाम से पहले ही उनका माथा ठनका हुआ है। यदि कार पार्किंग की जगह नहीं मिली तो पागल भी हो सकते हैं। वे हमारे घ? का बोझ उठाने वाले एकमात्र कमाऊ प्राणी है। ऐसे में उनका पागलपन हमारा परिवार बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने ही मुझे फोन कर सुझाव दिया था कि मुझे यहाँ इस मुद्रा में लेटना है। वह देखिए मेरे पिताजी हॉर्न बजाते आ रहे हैं।

## शास्त्री बोले- विराट कोहली पर थकान हावी, उन्हें विश्राम की सख्त जरूरत

**मुंबई।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर मानसिक थकान हावी है तथा उन्हें अभी क्रिकेट से विश्राम देने की सख्त जरूरत है ताकि वह अगले सात-आठ साल तक देश के लिये खेल सकें। कोहली अभी अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से सात मैचों में केवल दो बार 40 रन से अधिक का स्कोर बनाया है। दिल्ली के रहने वाले इस 33 वर्षीय बल्लेबाज ने सभी प्रारूपों में पिछले 100 मैचों में शतक नहीं लगाया है। उन्होंने भारत और आरसीबी दोनों की टी20 कप्तानी छोड़ दी थी। वह टेस्ट कप्तानी से भी हट गए हैं जबकि उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया गया था। शास्त्री का मानना है कोहली जैसे खिलाड़ी की कोविड-19 के कारण खिलाड़ियों के एक जगह तक सीमित हो जाने के माहौल में अच्छी तरह से देखभाल करने की जरूरत है। शास्त्री ने कहा, 'मैं यहां सीधे मुख्य खिलाड़ी की बात करता हूं। विराट कोहली पर व्यस्तता के कारण थकान हावी है। यदि किसी को विश्राम की जरूरत है तो वह कोहली है।' उन्होंने कहा, 'चाहे वह ढाई महीने का विश्राम हो या डेढ़ महीने का। यह इंग्लैंड दौरे से पहले हो या बाद में, उन्हें विश्राम की जरूरत है क्योंकि उनमें अभी छह-सात साल की क्रिकेट बची है और आप मानसिक थकान के कारण उन्हें नहीं गंवाना चाहोगे।' कोहली मंगलवार को आईपीएल मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए थे। आरसीबी ने कप्तान फाफ डुप्लेसी की 96 रन की पारी की मदद से इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 18 रन से हराया। शास्त्री ने कहा, ''जब मैं कोच था तब मैंने पहली बार इसकी शुरुआत की थी।

## 20वें ओवर में सिर्फ 4 रन देने वाले जेसन होल्डर ने बताया कसी हुई गेंदबाजी का सीक्रेट

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराऊंडर जेसन होल्डर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मुकाबले में कसी हुई गेंदबाजी कर सबको प्रभावित कर दिया। क्रीज पर जब दिनेश कार्तिक और फाफ डु प्लेसिस जैसे क्रिकेटर थे, तब 20वां ओवर फेंकने आए होल्डर ने महज चार ही रन दिए। उन्होंने इस दौरान शतक की ओर बढ़ रहे फाफ डु प्लेसिस का विकेट भी निकाला। होल्डर ने 25 रन देकर दो विकेट हासिल किए। पहली पारी के बाद उन्होंने अपनी कसी हुई गेंदबाजी पर बात भी की। जेसन होल्डर ने कहा कि 20वें ओवर के लिए खास योजना थी। अक्सर बल्लेबाज छोटी बाऊंड्री पर हिट मारते हैं मैंने बड़ी सीमा की ओर गेंदबाजी की। यह काम आया। वैसे भी इस पिच पर तेज गेंदबाजों के लिए काफी कुछ है। टेनिस बॉल जैसा उछाल। पावरप्ले में यहां बल्लेबाजी महत्वपूर्ण होती है। आप लाइन के माध्यम से हिट कर स्कोरबोर्ड आगे बढ़ा सकते हैं। बीच के ओवरों में स्पिनरों को निशाना बनाया जा सकता है। होल्डर ने इस दौरान विकेट के पीछे पकड़े कैच का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस कैच को मैं और क्विंटन डी कॉक ही पकड़ सकते थे। क्विंटन के बारे में इतना निश्चित नहीं था। पहले मुझे लगा कि यह मुझे बाईं ओर जाकर एक प्रयास करना होगा। जो प्रयास हुआ वह सफल रहा। बता दें कि आरसीबी के खिलाफ जेसन होल्डर का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। अगर 2018 के बाद से आरसीबी के खिलाफ आंकड़े देखें जाएं तो उन्होंने महज 7 मैचों में 11 विकेट (2/27, 3/25, 3/30, 1/27, 2/25) हासिल किए हैं, उनकी इकोनमी 6.70 रही है।

## राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में सौरभ चौधरी को तीन स्वर्ण

**नई दिल्ली।** दुनिया के पूर्व नंबर एक निशानेबाज उत्तर प्रदेश के सौरभ चौधरी ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में पुरुष 50 मीटर पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दबदबा बनाते हुए सीनियर और जूनियर वर्ग में तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। पांचवें दिन पिस्टल स्पर्धाओं के चयन ट्रायल तीन और चार में एशियाई खेलों एवं युवा ओलंपिक चैंपियन सौरभ ने पुरुष और जूनियर पुरुष 50 मीटर पिस्टल टी चार में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने पुरुष टी तीन में कांस्य जबकि जूनियर पुरुष टी तीन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

तोक्यो ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले सौरभ ने टी चार में 60 शॉट की सीरीज में 562 अंक के साथ भारतीय नौसेना के कुणाल राणा को पछाड़ा जिन्होंने 555 अंक जुटाए। जूनियर पुरुष स्पर्धा में इसी स्कोर के साथ उन्होंने 547 अंक बनाने वाले पंजाब के अर्जुन सिंह चीमा को पीछे छोड़ा। सौरभ इससे पहले पुरुष टी तीन स्पर्धा में वायुसेना के अनुभवी गौरव राणा और राजस्थान के ओम प्रकाश मिथेरवाल के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। गौरव ने 553 अंक के साथ स्वर्ण, ओम प्रकाश ने 553 अंक के साथ रजत जबकि सौरभ ने 552 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

# आरसीबी ने लखनऊ को 18 रनों से हराया

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2022 का 31वां मैच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीत लिया है और पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बेंगलुरु ने पहले खेलते हुए कप्तान फाफ डु प्लेसिस के 94 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 181 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी लखनऊ को केएल राहुल और क्रुणाल पांड्या का साथ मिला लेकिन पुछल्ले बल्लेबाजों के रन बनाने के चलते टीम हार गई।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

पहले बल्लेबाजी के लिए आई बेंगलुरु की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम को पहले ही ओवर में अनुज रावत के रूप में पहला झटका लगा। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर चमीरा ने विराट कोहली को गोल्डन डक पर आउट करके टीम को बड़ी सफलता दिलाई। विराट के पहली ही ओवर में आऊट होने के बाद ग्लेन मैक्सवेल क्रीज पर आए। उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट लगाकर बेंगलुरु के फैंस को तसल्ली दी। हालांकि उनकी पारी का अंत छठे ओवर में ही हो गया जब क्रुणाल पांड्या की गेंद पर रिवर्स स्विप मारने के चक्कर में वह होल्डर को कैच थमा बैठे। मैक्सवेल ने 11 गेंदों में 23 रन बनाए।

सुयश प्रभुदेसाई ने क्रीज पर आकर फाफ डु प्लेसिस के साथ पारी संभालने की कोशिशकी लेकिन वह लखनऊ के तेज



गेंदबाज जेसन होल्डर की गेंद पर क्रुणाल को कैच थमा बैठे। प्रभुदेसाई ने 10 रन बनाए। तब बेंगलुरु का स्कोर चार विकेट खोकर 62 रन था। कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने आरसीबी को संभाला और शाहबाज के साथ मिलकर महत्वपूर्ण पार्टनरशिप की। इस दौरान फाफ ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

शाहबाज के आऊट होने के बाद भी फाफ रुके नहीं। उन्होंने विकेट के चारों ओर शॉट लगाए लेकिन वह अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने 64 गेंदों में 11 चौके और दो छक्कों की मदद से 96 रन बनाए। दिनेश कार्तिक ने भी तेजतर्रार पारी खेलकर सबको प्रभावित किया।

**लखनऊ सुपर जायंट्स (दूसरी पारी)**

लखनऊ की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज डिकॉक महज तीन रन बनाकर हेजलवुड की गेंद पर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मनीष पांडे भी 6 रन बनाकर आऊट हो गए।

लखनऊ को कप्तान केएल राहुल से उम्मीदें थीं लेकिन वह 24 गेंदों में 30 रन बनाकर हर्षल पटेल की गेंद पर कार्तिक को कैच थमा बैठे। लखनऊ के लिए आज क्रुणाल पांड्या अच्छी फॉर्म में दिखे। उन्होंने 150 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनका साथ देने के लिए दीपक हुड्डा आए लेकिन वह 13 रन बनाकर सिराज की गेंद पर आऊट हो गए।

लखनऊ को क्रुणाल ने कुछ हद तक राहत दी। उन्होंने 28 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। वह रन गति बढ़ाने के चक्कर में मैक्सवेल की गेंद पर शाहबाज को कैच थमा बैठे। आयुष बडोनी 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे तो उसके बाद स्टोइनिस ने कुछ अच्छे शॅट लगाए। लेकिन 19वें ओवर में वह 24 तो जेसन होल्डर आखिरी ओवर में 16 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। लखनऊ ने यह मुकाबला 18 रन से गंवा दिया।

## केएल राहुल ने किया आचार संहिता का उल्लंघन, लगा भारी जुर्माना

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा कि राहुल ने आईपीएल आचार संहिता के 'लेवल एक अपराध' को स्वीकार किया और उन्हें जुर्माना मंजूर है। राहुल की टीम के साथी मार्कस स्टोइनिस को भी उसी मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। आरसीबी ने मंगलवार की रात को खेले गये इस मैच में 18 रन से जीत दर्ज की थी।

यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इन दोनों खिलाड़ियों ने आचार संहिता का क्या उल्लंघन किया था। स्टोइनिस को जोश हेज़लवुड के एक ओवर के दौरान मैदानी अंपायर के साथ बहस करते देखा गया था। विज्ञप्ति में कहा गया, 'स्टोइनिस ने आईपीएल आचार संहिता के 'लेवल एक अपराध को स्वीकार किया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के



लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और मान्य होता है।

## एशियन चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन पहलवानों ने जीते 3 कांस्य पदक, सुनील-अर्जुन और नीरज ने किया कमाल

**नई दिल्ली।** एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारत ने शानदार शुरुआत की, जब सुनील कुमार समेत पांच ग्रीको रोमन पहलवानों में से तीन ने कांस्य पदक जीते। यह दूसरी बार है जब सुनील कुमार ने एशियन चैंपियनशिप में पोडियम पर पहुंचे। इससे पहले 2020 में 87 भारवर्ग में विजेता रहे थे।

23 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगोलिया के बैटबयार लुतबयार के खिलाफ अपने कांस्य पदक मुकाबले में 5-0 से बढ़त बनाने के बाद तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सुनील सेमीफाइनल में उजबेकिस्तान के जलगस्बे बर्दीमुराटोव से हार गए थे।

वहीं 55 भारवर्ग में अर्जुन हालाकुर्की ने कांस्य प्लेऑफ में दावाबंदी मुंख एर्डी को 10-7 से पराजित किया। अर्जुन ने 2020 के प्रतियोगिता में भी कांस्य जीता था। जबकि 63 भारवर्ग में



नीरज ने उजबेकिस्तान के इस्लोमजोन बाखर्मोव को 7-4 से हराकर पोडियम फिनिश किया। हालांकि, 77 भारवर्ग में साजन भनवाल को जापान के कोडाई सकुराब से हार मिली, वहीं प्रेम कुमार 130 भारवर्ग में ईरान के आमिर मोहम्मदाली से हारकर कांस्य पदक हासिल करने से चूक गए।

## केन्या का दबदबा, 2012 के बाद पहली बार पुरुष वर्ग में तीनों स्थान पर किया कब्जा, महिलाओं में पेरेस चैंपियन

**दिल्ली।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन 28 वर्ष की केन्या की पेरेस जेपचिरचिर ने महिलाओं की बोस्टन मैराथन जीत ली है। पुरुष वर्ग में केन्या के इवांस चेबेट विजेता बने। चेबेट ने दो घंटे छह मिनट 51 सेकंड में रेस जीती। हमवतन लॉरेंस चेरेना (2ः07.21)और बेनसन किपरुटो (2ः07.27) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। यह 2012 के बाद पहली बार हुआ है कि जब पुरुष वर्ग में तीनों स्थान केन्या के खाते में गए।

महिला वर्ग में पेरेस ने यह रेस दो घंटे 21 मिनट, एक सेकंड में पहला स्थान हासिल किया। वहीं इथोपिया की अबाबेल (2ः21.05) दूसरे और केन्या की मेरी वकेरा (2ः21.32) तीसरे स्थान पर रहीं। दुनिया की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सालाना मैराथन तब जीती जब कोरोना महामारी के बाद पहली बार




पारंपरिक समय पर इसका आयोजन किया गया।

**यूक्रेन के 11 नागरिक भी दौड़े**-यूक्रेन के 44 नागरिकों ने भी मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन 11 ने ही भाग लिया। उनके समर्थन में यूक्रेन के ध्वज भी प्रशंसकों ने लहराए। यूक्रेन पर हमले के विरोध में रूस और बेलारूस के धावकों को इस मैराथन में भाग लेने की अनुमति नहीं थी।

**दिवंगत भाई की याद में रेस**

नौ साल पहले 2013 में हुई बोस्टन मैराथन में फिनिश लाइन के पास आतंकी विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गए थे जिनमें मार्टिन रिचर्ड भी शामिल थे। इस साल उनके भाई हेनरी रिचर्ड ने इस मैराथन को पूरी कर अपने भाई को श्रद्धांजलि दी। उस हादसे में हेनरी की भाई जेनी को एक पांव गंवाना पड़ा था। 20 साल के मार्टिन ने कहा कि जज्बात हावी हैं। मैं जानता हूं कि मार्टिन आज होता तो मेरे साथ मैराथन में शामिल होता। रेस पूरी करने के बाद मार्टिन अपने अभिभावकों और छोटी बहन जेनी के गले मिलकर काफी भावुक हो गए।

## टी20 में केएल राहुल की बड़ी उपलब्धि, सबसे तेज 6000 रन बनाने वाले भारतीय बने

**मुंबई (महाराष्ट्र)।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया और 6000 टी20 रन बनाने वाले सबसे तेज भारतीय बन गए है। राहुल ने यह उपलब्धि मंगलवार को यहां नवी मुंबई के डॉ डीवाई पाटिल स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले के दौरान हासिल की।

केएल राहुल ने कोहली के 184 पारियों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 138.18 की स्ट्राइक रेट से 179 पारियों में टी20 में 6000 रन पूरे करते हुए ये रिकार्ड अपने नाम किया। लखनऊ के कप्तान अब ऑल टाइम लिस्ट में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल (162 पारियों) और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (165) से पीछे हैं। राहुल



भी आईपीएल 2022 के उन दो बल्लेबाजों में से एक हैं जो राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर के अलावा शतक लगाने में कामयाब रहे हैं। मैच की बात करें तो फाफ डु प्लेसिस की 96 रनों की पारी और जोश हेजलवुड की चार विकेट की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने यहां डॉ डी वाई पाटिल स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स को 18 रनों से हराया। लखनऊ रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने अगले आईपीएल 2022 मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ उतरेगा।

## अप्रत्याशित हार के साथ बार्सिलोना की खिताबी उम्मीदों को झटका, केडिज ने 1-0 से हराया

**मुंबई।** 27वें ला लिगा खिताब की बाट जोह रही बार्सिलोना एफसी की इस बार स्पेनिश लीग विजेता बनने की उम्मीदें लगभग ध्वस्त हो गई हैं। कोच जावी हर्नांडेज के क्लब को उसी के घर में समर्थकों के प्रदर्शन के बीच केडिज ने 1-0 से पराजित किया। रेलिगेशन के कगार पर खड़ी केडिज के लिए यह जीत संजीवनी बन गई। पिछले चार मुकाबलों से बार्सिलोना से नहीं हारी केडिज की फिल्हाल रेलिगेशन की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। केडिज के लिए 48वें मिनट में ल्यूकास पेरेज ने विजयी गोल किया।

**फ्रेंकफर्ट के 30 हजार समर्थक कैंप नोउ में थे**

केडिज के हाथों बार्सिलोना को घर में पहली हार मिली है। इस दौरान बार्सिलोना के मुख्य स्टेडियम कैंप नोउ के बाहर और



अंदर उसके समर्थक प्रदर्शन कर रहे थे। बीते बृहस्पतिवार को कैंप नोउ में एन्ट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट के खिलाफ यूरोपा लीग के क्वार्टर फाइनल में पांच हजार की बजाय जर्मन क्लब के 30 हजार समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। इसी के विरोध में समर्थक प्रदर्शन कर रहे थे।

इस मैच में भी बार्सिलोना को हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना के अधिकारी घोषणा कर चुके हैं कि वह इस बात की जांच करा रहे हैं कि निर्धारित टिकटों के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में फ्रैंकफर्ट के समर्थक कैसे टिकट खरीदकर स्टेडियम में प्रवेश करने में सफल रहे।

**लीडर रियल से 15 अंक पीछे**

इस हार के साथ बार्सिलोना अव्वल चल रही रियल मैड्रिड से 15 अंक पीछे चल रही है और उसके छह मुकाबले होने अभी बाकी है। दूसरे स्थान पर चल रही बार्सिलोना के तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद सेविला और एटलेटिको मैड्रिड के समान अंक हैं। जिसके चलते चैंपियंस लीग क्वालिफाई करने की रेस पूरी तरह खुली हुई है।

## एश्ले बार्टी गोल्फ से करेंगीं खेल के मैदान पर वापसी, पिछले महीने टेनिस से लिया था संन्यास

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर टेनिस को अलविदा कहने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय गोल्फ खेलने का फैसला किया है। 25 वर्षीय बार्टी को न्यू जर्सी में लिबर्टी नेशनल गोल्फ क्लब पर आइकंस सीरिज टूर्नामेंट में अर्नी एल्स रेस्ट ऑफ वर्ल्ड टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 30 जून और एक जुलाई को खेला जाएगा। बार्टी टूर्नामेंट में मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रमुख पेप गोर्डियोला और टोटेनम के स्ट्राइकर हेरी केन के साथ शेष विश्व की टीम से खेलेंगी। उनके खिलाफ यूएस टीम के खिलाड़ी माइकल फेलेप्स, ऑस्कर डि ला होया और बेन रोएथलिस शामिल होंगे।

**महिला बिग बैश लीग का कर चुकी हैं नेतृत्व**

बार्टी ने पिछले महीने 25 मार्च को टेनिस को अलविदा कह दिया था। जनवरी में वह



ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता रही थीं। वहीं पिछले साल विम्बलडन और 2019 में फ्रेंच ओपन जीता था। बार्टी ने टेनिस से पहले क्रिकेट में अपने करिअर की शुरुआत की थीं। उन्होंने 2015 में महिला बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट का नेतृत्व भी किया था। पिछले दिनों ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने बताया था कि बार्टी बच्चों के लिए एक किताब भी लिखने जा रही हैं और वह जुलाई से किताब प्रकाशित होगी।

**ब्रुकवॉटर क्लब में गोल्फ प्रतियोगिता में विजेता रहीं बार्टी**

बार्टी ऑस्ट्रेलिया के पेशवर गोल्फ प्रशिक्षक गैरी किसिक से जुड़ी हुई हैं और हाल ही में ब्रिसबेन में ब्रुकवॉटर क्लब में महिलाओं की गोल्फ प्रतियोगिता में विजेता भी रहीं। एलपीजीए टूर में 41 जीत हासिल करने वाले करी वेब 2019 में बार्टी के साथ एक दौर का मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि टेनिस स्टार में गोल्फ खेलने की उच्च स्तर की प्रतिभा है। अगर बार्टी इस खेल में कुछ समय बिताती हैं तो वह महान खिलाड़ी होंगी।

## रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म में वापसी पर पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने दिया ये बयान

**मुंबई।** भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म में वापसी के लिए अपनी बल्लेबाजी में समय निकालने और खेल की परिस्थितियों का सम्मान करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है। गायकवाड़ पिछले साल सीएसके के विजयी अभियान में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे उन्होंने 16 मैचों में 635 रन बनाए। उन्होंने 2021 में ऑरेंज कैप के लिए तत्कालीन सीएसके टीम के साथी फाफ डु प्लेसिस को सिर्फ दो रन से हरा दिया।

इस साल गायकवाड़



सीएसके के कप्तान रवींद्र जडेजा के साथ फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन्होंने कहा कि हर किसी को उन्हें अच्छा आत्मविश्वास देने की जरूरत है। एमसीए स्टेडियम में 17 अप्रैल को पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ गायकवाड़ ने 48 गेंदों में 73 रनों की पारी खेली और अपनी तरफ से सर्वोच्च स्कोरर बन गए।

हालांकि सीएसके मैच की अंतिम गेंद पर तीन विकेट से रोमांचक प्रतियोगिता में हार गई। गायकवाड़ की फॉर्म में वापसी पर वसीम जाफर ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने अपना समय लिया। अगर आप उनकी पारी को देखते हैं, तो उन्होंने शुरुआत में (मोहम्मद) शमी के खिलाफ सावधानी से बल्लेबाजी की। उन्होंने जो पहला बड़ा शॉट खेला वह चौथे ओवर में था, उन्होंने अपना समय लिया, परिस्थितियों का सम्मान किया, उन्होंने और अधिक देखा। ठोस और फिर उसके बाद जब वह खांचे में आया तो हमने पुराने रुतुराज को देखा। यही उसका पैटर्न रहा है। एक बार वह जा रहा है अब आप शायद उसे लगातार स्कोर करते हुए देख सकते हैं। उसे फॉर्म में आते देखकर अच्छा लगा।

# विदेश संदेश

## पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से की मुलाकात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने देश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। इमरान खान सरकार के अपदस्थ होने और प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शरीफ और बाजवा के बीच यह पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्विटर पर एक संक्षिप्त बयान के साथ शरीफ और बाजवा की बैठक संबंधी वीडियो क्लिप भी साझा की। बयान के मुताबिक, 'बैठक के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े पेशेवर मुद्दों पर चर्चा की गई।' प्रधानमंत्री के शपथग्रहण समारोह के दौरान सेना प्रमुख के उपस्थित नहीं रहने के चलते दोनों के बीच बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हुई थीं। बाजवा के शपथग्रहण में नहीं पहुंचने के बाद सेना और सरकार के रिश्तों को लेकर राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने बाद में स्पष्ट किया था कि जनरल बाजवा अस्वस्थ होने के कारण शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हो पाए थे।



## श्रीलंका में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाई गोलियां, एक की मौत व 12 घायल

**कोलंबो।** श्रीलंका के दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र रामबुक्काना क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने मंगलवार को गोलियां चलाईं जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 12अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय निवासी हाल में ईंधन के दाम में हुई बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित हो गए। प्रदर्शन देर रात तक चला। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रामबुक्काना में रेलवे पटरी को भी अवरुद्ध कर दिया और जब उन्हें रेल मार्ग खाली करने को कहा गया तो उन्होंने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस प्रवक्ता निहाल थालडुवा ने 'न्यूज 1' चैनल को बताया कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को क्षेत्र छोड़ने की चेतावनी जारी की,लेकिन प्रदर्शनकारियों ने एक ईंधन टैंकर और एक तिपहिया वाहन में आग लगाने का प्रयास किया, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने गोलियां चलाईं और उससे पहले आंसू गैसे के गोले छोड़े। इस कार्रवाई में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 12लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां चार की हालत गंभीर है।



## चीन की खुफिया जानकारी व तस्वीरें बेचने वाले चीनी नागरिक को 14 साल की जेल

**बीजिंग।** चीन में एक चीनी फोटोग्राफर को जासूसी करने और विदेशी व्यक्ति को अवैध रूप से राज्य के रहस्य प्रदान करने के लिए 14 साल जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चाइना आर्म्स ने 'द पेपर' का हवाला देते हुए बताया कि आरोपी चीनी नागरिक हुआंग ने वीचैट के माध्यम से एक विदेशी व्यक्ति, 'सिस्टर क्यूई' से मित्रता की, और सैन्य बंदरगाहों से जुड़े युद्धपोतों की 384 तस्वीरें प्रदान कीं और 40,000 यूआन से अधिक का राशि प्राप्त की । जुलाई 2019 और मई 2020 के बीच 'सिस्टर क्यूई' के निर्देश के तहत, हुआंग ने एक सैन्य बंदरगाह के पास एक समुद्र तट पर शादी की तस्वीरें लेने का लाभ उठाया। रिपोर्ट के अनुसार हुआंग ने पैसे के लालच में धोखे से सैन्य बंदरगाह के पास खाड़ी के वाइड-एंगल शॉट्स ले लिए। इस दौरान उसने कुल 90 से अधिक बार शूटिंग की, जिसमें सैन्य बंदरगाह पर युद्धपोतों की 384 तस्वीरें शामिल थीं, जिनमें 3 शीर्ष और 2 गुप्त रहस्य शामिल थे। हुआंग ने साझा डिस्क, समूह साझाकरण द्वारा नेटवर्क के माध्यम से विदेशी व्यक्ति 'सिस्टर क्यूई' को तस्वीरें भेजीं, और इसके बदले में कुल 40,000 युआन की मोटी धनराशि प्राप्त की। 14 साल की जेल के अलावा, हुआंग को 5 साल के लिए राजनीतिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया और जासूसी के लिए ली गई 40,000 युआन मूल्य की निजी संपत्ति जब्त कर ली गई है।

## दक्षिण अफ्रीका : भीषण बाढ़ से 400 से ज्यादा लोगों की मौत, राष्ट्रपति ने घोषित की राष्ट्रीय आपदा

**क्वाजुलु-नेटल।** दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने देश में भीषण बाढ़ के प्रकोप के चलते राष्ट्रीय आपदा की स्थिति और इससे निपटने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। बाढ़ के कारण तटीय प्रांत क्वाजुलु-नेटल प्रांत (केजेडएन) में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और कई लोग लापता हैं।

जानकारी के मुताबिक देश में 40,000 से अधिक लोग बेघर भी हुए हैं। कोविड-19 के चलते पिछले दो साल से देश में लगे प्रतिबंधों को हटाने के एक पखवाड़े बाद ही रामफोसा ने राष्ट्रीय आपदा स्थिति की घोषणा की है। चार दिन से जारी भीषण बारिश और बाढ़ के लिए रामफोसा ने जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया है।



उन्होंने कहा, अब बाढ़ ने डरबन से पूरे देश में ईंधन लाइनों और खाद्य आपूर्ति को बाधित कर दिया है। बचाव दल केजेडएन में उन लोगों की तलाश में जुटे हैं, जो हाल के दिनों में भारी बारिश के बाद बाढ़-भूस्खलन के कारण लापता हो गए थे। आपदा में 400 से ज्यादा मारे जा चुके हैं।

## अमेरिका : परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद होने के जोखिम से बचाने के लिए छह अरब डॉलर की पहल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद होने के जोखिम से बचाने के लिए छह अरब डॉलर की एक पहल करेगा। इसमें परमाणु ऊर्जा को कार्बन मुक्त स्रोत के रूप में जारी रखने की आवश्यकता का हवाला दिया गया है, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करता है। नागरिक परमाणु ऋण कार्यक्रम के लिए मंगलवार को प्रमाणीकरण और बोली की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से संकटग्रस्त मालिकों या परमाणु ऊर्जा रिएक्टर के संचालकों को परेशानी से उबारना है। ऊर्जा विभाग ने आधिकारिक घोषणा से कुछ समय पहले 'द एसोसिएटेड प्रेस' को विशेष रूप से जानकारी दी। यह आर्थिक रूप से संकटग्रस्त परमाणु रिएक्टर को बचाने के लिए किया गया अभी तक का सबसे बड़ा संघीय निवेश है। परमाणु ऊर्जा रिएक्टर के मालिक या संचालक, जिनके आर्थिक कारणों से बंद होने की आशंका है, वे समय से पहले बंद होने से बचने के लिए धन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें उन रिएक्टर को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने पहले ही बंद करने की योजना की घोषणा कर दी थी। दूसरे चरण में अधिक आर्थिक रूप से संकटग्रस्त रिएक्टर को मदद दी जाएगी। कार्यक्रम को राष्ट्रपति जो बाइडन के 100000 करोड़ डॉलर के बुनियादी ढांचे के सौदे के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा, जिस पर उन्होंने नवंबर में हस्ताक्षर किए थे।

## यूएई: बिना प्रायोजक मिलेगा प्रवेश, वीजा नियमों में आसानी, 30 के बजाय 60 दिन रुक सकेंगे पर्यटक

**दुबई।** यूएई जाकर काम करने वालों को अब देश में प्रवेश और निवास के लिए नई योजना पेश की गई है। इसका भारतीयों को खासतौर पर लाभ मिलेगा, क्योंकि इसके तहत 10 तरह के एंट्री वीजा जारी होंगे, जो बेहद आसानी से मिल सकेंगे। नए वीजा के लिए किसी भी होस्ट या प्रायोजक की जरूरत नहीं होगी। इसके साथ ही इनके प्रवेश पर कोई सीमा भी नहीं होगी। पर्यटकों के तौर पर अब देश में 60 दिन रुका जा सकता है, जो पहले सिर्फ 30 दिन था। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, नए नियमों के तहत गोल्डन रेजिडेंस धारक अपने पति-पत्नी, बच्चों समेत परिवार के अन्य सदस्यों को प्रयोजित भी कर सकते हैं। इसके साथ ही वह घरेलू कामगारों को भी बुला सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, माता-पिता अपने पुरुष बच्चों को अब 18 के बजाय 25 साल की उम्र तक प्रायोजित कर सकते हैं। यूएई को उम्मीद है कि नए नियम दुनियाभर से प्रतिभा को आकर्षित करेंगे। पेशेवरों के पास वीजा के लिए एक वैध रोजगार कॉन्ट्रैक्ट होना जरूरी है। शिक्षा कम से स्नातक होनी चाहिए और मासिक सैलरी 8,100 डॉलर से कम न हो।



**कला, खेल, विज्ञान व शोध वालों को आसानी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में संस्कृति, कला, खेल, डिजिटल टेक्नोलॉजी, वैज्ञानिक व आविष्कार के क्षेत्रों वाले लोगों को भी आसानी से वीजा मिल सकेगा। इसके लिए नौकरी, सैलरी या क्वालिफिकेशन की जरूरत नहीं होगी। हालांकि आपको सरकारी सिफारिश की आवश्यकता पड़ेगी।

**रियल एस्टेट निवेशक पा सकेंगे गोल्डन रेजिडेंस**

रिपोर्ट के मुताबिक 20 लाख डॉलर की संपत्ति खरीदने पर रियल एस्टेट निवेशक संपत्ति खरीदने के दौरान गोल्डन रेजिडेंस वीजा पा सकेंगे। नए नियमों के मुताबिक निवेशक अगर स्थानीय बैंकों से कर्ज लेकर संपत्ति खरीदते हैं तो वह लंबे समय के लिए वीजा पा सकते हैं। यूएई आकर व्यापार के मौके खोजने वालों को भी बिना किसी होस्ट के वीजा मिलेगा, ताकि लोग वहां जाकर मौकों का सही इस्तेमाल कर सकें।

## रूसी विदेश मंत्री ने दिल खोलकर की जयशंकर की तारीफ, कहा- 'भारत को जो चाहिए वो देंगे, पश्चिमी देश भरोसे लायक नहीं'

**वाशिंगटन।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरो ने एक इंटरव्यू में अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर की दिल खोलकर तारीफ की । लावरोव ने कहा कि भारत हमारा बहुत-बहुत पुराना दोस्त है। उन्होंने कहा कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर सच्चे देशभक्त हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जयशंकर एक अनुभवी राजनयिक हैं। लावरोव ने भविष्य में भारत-रूस द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत होने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि रूस पश्चिमी देशों पर कभी भी भरोसा नहीं कर सकता है। रूस भारत जैसे देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए पूरी तौर से तैयार है।

अमेरिका ने हाल के कुछ महीनों में रूस के साथ संबंधों को कम करने के लिए भारत पर खूब दबाव बनाया है। हालांकि भारत ने हर बार विदेश नीति में किसी तीसरे देश के हस्तक्षेप को सिरे से खारिज कर दिया है। इंटरव्यू दौरान सर्गेई लावरोव ने कहा कि जयशंकर एक अनुभवी राजनयिक और अपने देश के असली देशभक्त हैं। उन्होंने जयशंकर के उस बयान की भी याद दिलाई जिसमें भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था कि हम अपने देश के लिए निर्णय इस आधार पर लेंगे कि भारत को अपनी सुरक्षा के लिए क्या करना चाहिए। लावरोव ने कहा कि बहुत सारे देश ऐसा कुछ नहीं कह सकते हैं।



दरअसल जयशंकर ने यह वक्तव्य अमेरिका और रूस में से किसी एक का समर्थन करने के सवाल के जबाव में दिया था। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस खाद्य सुरक्षा, रक्षा या कुछ रणनीतिक क्षेत्रों के लिए अपने किसी भी पश्चिमी सहयोगी पर भरोसा नहीं कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस उन देशों के साथ संबंध बनाने के लिए तैयार है जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उल्लंघन में अवैध, नाजायज प्रतिबंधों का इस्तेमाल नहीं करते हैं और भारत उनमें से है। हम द्विपक्षीय सहयोग करते हैं।

## नेपाल सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल बैंक गवर्नर को सस्पेंड करने के सरकारी आदेश रोके

**काठमांडू:** नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने सेंट्रल बैंक के गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी को सस्पेंड ( निलंबित) करने के सरकार के फैसले पर मंगलवार को रोक लगा दी। ऐसी खबरें हैं कि अधिकारी को नेपाल के वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा के साथ कथित मतभेदों के कारण निलंबित किया गया है। न्यायमूर्ति हरि प्रसार फुयाल की एकल पीठ ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए सरकार से गवर्नर अधिकारी को निलंबित करने के फैसले पर अमल नहीं करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अगली सुनवाई के दौरान यह बताने का भी निर्देश दिया है कि नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर को निलंबित करने के पीछे क्या कारण हैं। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनवाई की अगली तारीख को मौजूद रहने को कहा है। अधिकारी दूसरे ऐसे गवर्नर हैं जिन्हें पांच वर्ष के कार्यकाल के बीच में ही निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि देश में घटती विदेशी मुद्रा और नेपाल की मौजूदा अर्थव्यवस्था के मद्देनजर अधिकारी और शर्मा के बीच मतभेद पैदा हुए हैं।



## रूस ने पूर्वी यूक्रे न में हमले किए तेज, विदेश मंत्री लावरोव बोले- यूक्रेन संकट के लिए अमेरिका जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन को युद्ध का डेढ़ महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन अब तक सुलह का कोई रास्ता नहीं निकल पाया है। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अमेरिका रूस की तरफ से परमाणु हमले की आशंका जाहिर की है। इस बीच रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इन सभी आशंकाओं को खारिज कर दिया। लावरोव ने कहा- रूस यूक्रेन के खिलाफ सिर्फ पारंपरिक हथियारों का ही इस्तेमाल करेगा, परमाणु हथियारों का नहीं। यूक्रेन में हमारे सैन्य अभियान का नया चरण शुरू हो चुका है। रूसी विदेश मंत्री का कहना है कि यूक्रेन में आज जो भी रहा है उसके पीछे अमेरिका और पश्चिमी देशों की पूरी दुनिया पर राज करने की सोच है। ये सभी देश मिलकर यूक्रेन को भड़का रहे हैं। इन्होंने यूक्रेन में हथियारों को ढेर लगा दिया है।



रूसी दावे से इतर कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में परमाणु हमले की आशंका जाहिर की गई है। इन रिपोर्ट्स में कहा गया है कि रूस-यूक्रेन बॉर्डर के पास रूस के ञ-160 बॉम्बर देखे गए हैं। इन जेट्स का इस्तेमाल परमाणु बम ले जाने के लिए किया जाता है।

कीव के क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख एंड्री नेबिटोव ने कहा है कि रूसी हमलों में क्षेत्र के एक हजार से ज्यादा आम नागरिक मारे गए हैं। इन सबके बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने फिर से हथियारों की मांग की है। अपने विदेश मंत्री के बयान के बीच रूस ने यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक क्षेत्र में कोयला खदानों और कारखानों पर नियंत्रण हासिल करने के लिए हमले तेज कर दिए।

## श्रीलंका : प्रधानमंत्री राजपक्षे ने राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगाने से जुड़ा प्रस्ताव पेश किया, झड़प के बाद रामबुक्काना में लगा कर्फ्यू

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगाने और संसद को सशक्त बनाने के लिए संविधान में 19वें संशोधन को बहाल करने का एक प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव ऐसे समय में पेश किया गया है, जब श्रीलंका अप्रत्याशित आर्थिक संकट से जूझ रहा है और लोग लगातार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

पारंपरिक सिंहली और तमिल नव वर्ष के बाद संसद को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

राष्ट्रपति की शक्तियों को कम करता है और संसद को कार्यकारी राष्ट्रपति से अधिक शक्तियां देता है।



**विक्रमसिंघे ने किया समर्थन**

पूर्व प्रधानमंत्री एवं यूनाइटेड नेशनल पार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री का समर्थन करते हुए कहा, 'मैं 19वें संशोधन को बहाल करने को लेकर खुश हूं। मेरा अनुरोध है कि सम्मानजनक तरीके से 20वें संशोधन को जल्द से जल्द समाप्त कर दें, ताकि 19वें संशोधन को बहाल किया जा सके।' विक्रमसिंघे की सरकार ने ही 19वां संशोधन पेश किया था।

**संकट के समाधान के लिए सोमवार को हुई थी विशेष बैठक**

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के आशीर्वाद से हमें भविष्य में व्यापक संवैधानिक सुधार की ओर बढ़ना चाहिए। वहीं, संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धना ने सदन को बताया कि मौजूदा राजनीतिक संकट को दूर करने को लेकर अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान तलाशने के लिए कल एक विशेष बैठक की गई थी।

अभयवर्धना ने कहा, 'कई पार्टी नेताओं ने एक दीर्घकालिक उपाय के रूप में एक नए संविधान का मसौदा तैयार करने और संविधान में 21वें संशोधन को एक अल्पकालिक समाधान के रूप में लाकर संसद को मजबूत करने का आह्वान किया है।' सदन की बैठक जब शुरू हुई, तो सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य रहे लगभग 41 सांसद विपक्षी दलों के स्थान पर बैठे नजर आए। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होने की घोषणा की थी।

**राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे ने स्वीकार कीं अपनी गलतियां**

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गलतियां कीं, जिसके कारण देश दशकों के सबसे खराब आर्थिक संकट से घिर गया। राष्ट्रपति ने अपनी गलतियां सुधारने का संकल्प भी किया। राष्ट्रपति ने सोमवार को 17 मंत्रियों की नई कैबिनेट का गठन करके उसके समक्ष अपनी गलती स्वीकार की। उन्होंने कहा, गत ढाई साल में हमने कई चुनौतियों का सामना किया है। कोविड-19, ऋण का बोझ तथा कुछ गलतियां हमारी रहीं। उन्हें सुधारे जाने की जरूरत है। हमें उन्हें सुधारना होगा और आगे बढ़ना होगा। हमें लोगों का भरोसा पुनः जीतना होगा। उन्होंने अपने कई फैसलों पर अफसोस जताया।

राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे ने 2020 में रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगाने, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से देरी से संपर्क करने जैसी अपनी गलतियों को सोमवार को भी स्वीकार किया, जिस कारण देश सबसे खराब आर्थिक संकट से घिर गया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उनकी सरकार को राहत के लिए बहुत पहले ही आईएमएफ से पास जाना चाहिए था और ऐसा न करना गलती थी।

राजपक्षे ने 2020 के मध्य में जैविक उर्वरक के साथ हरित कृषि नीति लागू करने के लिए उर्वरकों के आयात और उनके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था। किसानों ने इस कदम का विरोध करते हुए कहा था कि इससे फसलों को नुकसान होगा और उत्पादन में कमी आएगी। इसके बावजूद, सरकार ने इस फैसले को आगे बढ़ाया और मुख्य खाद्य पदार्थों की जमाखोरी की खबरों के बाद दुकानदारों और व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की। राजपक्षे ने देश में हो रहे विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं लोगों की नाराजगी को समझ सकता हूं... उन्हें आवश्यक वस्तुएं खरीदने के लिए कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।' श्रीलंका की सरकारी तेल कंपनी सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) ने आधी रात से ईंधन की कीमत बढ़ा दी हैं। इससे पहले इंडियन ऑयल के स्थानीय परिचालन ने कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी।

## चीन के शंघाई में कोरोना पाबंदियों में ढील, 40 लाख लोगों को घरों से बाहर निकलने की मिली इजाजत

**बीजिंग।** चीन के शंघाई शहर में प्रशासन ने कोरोना वायरस संबंधी पाबंदियों में ढील देते हुए 40 लाख लोगों को घरों से बाहर निकलने की अनुमति दे दी है। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारी वांग गांयू ने बताया कि चीन के सबसे अधिक आबादी वाले शहर में संक्रमण के कम होते मामलों के मद्देनजर अभी तक करीब 1.2 करोड़ लोगों को अपने घर से निकलने की अनुमति दी जा चुकी है।

अधिकारियों ने संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद 28 मार्च से शंघाई के ढाई करोड़ लोगों को उनके घरों में रहने का निर्देश दिया था। चीन में मौजूदा लहर में संक्रमण के मामले तुलनात्मक रूप से कम सामने आ रहे हैं, लेकिन सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वैश्विक महामारी के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' की रणनीति अपनाई है, जिसके तहत प्रमुख शहरों में मामले सामने आते ही कड़े प्रतिबंध लगा दिए जाते हैं।

**अपार्टमेंट में रहना हुआ मुश्किल, कोरोना के केस आते ही 'दुश्मन' बन रहे पड़ोसी**

शंघाई के 2.5 करोड़ लोगों में से ज्यादातर लोग अपार्टमेंट बिल्डिंगों में रहते हैं। चीन में कोरोना के मामले बढ़ने के साथ लॉकडाउन के तनाव ने शंघाई में निवासियों के बीच पैदा हुई दूरी को सामने ला दिया है। इस मुसीबत की घड़ी में लोग एक-



*स्वास्थ्य अधिकारी वांग गांयू ने बताया कि चीन के सबसे अधिक आबादी वाले शहर में संक्रमण के कम होते मामलों के मद्देनजर अभी तक करीब 1.2 करोड़ लोगों को अपने घर से निकलने की अनुमति दी जा चुकी है।*

दूसरे की मदद करने के बजाय एक-दूसरे के दुश्मन बन रहे हैं । करीब चार सप्ताह के बाद भी लॉकडाउन के खत्म होने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है, जिसके बाद लोगों की निराशा वी चैट ग्रुप में देखने को मिली है।

एक विवाद तब देखने को मिला जब एक महिला को केंद्रीय क्वारंटाइन सेंटर ले जाया गया था, जहां उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई। महिला ने अपने पड़ोसी पर अधिकारियों से उसकी रिपोर्ट करने का आरोप लगाया। वीचैट ग्रुप में कोरोना टेस्ट के परिणामों को साझा करना और पॉजिटिव मामलों के बारे में खुल कर बताना कोई नया नहीं है। महिला ने नाम बताने से इनकार करते हुए कहा, 'ग्रुप चैट में वो पूछ रहे थे कि क्या कोविड पॉजिटिव लोग अभी भी यहाँ हैं?'